ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 12 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 09 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-53 ● पृष्ठ-12 ●मूल्य ₹ 2.00

मशहूर अभिनेता जूनियर महमूद का निधन... पेज 10 पर



## गागर में सागर

### अर्जुन मुंडा छत्तीसगढ़ व आशा लकड़ा एमपी के पर्यवेक्षक बनाए गए

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिए पर्यवेक्षकों के नामों की घोषणा कर दी। राजस्थान विधानसभा के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विनोद तावड़े और सरोज पांडे को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। मध्य प्रदेश के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, के लक्ष्मण, आशा लाकड़ा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सबानंद सोनोवाल और दुष्यंत गौतम को पर्यवेक्षक बनाया गया है। पर्यवेक्षकों के नामों के एलान के साथ अब मुख्यमंत्री के नामों की भी घोषणा रविवार तक की जा सकती है। माना जा रहा है कि तीनों राज्यों में शनिवार-रविवार को विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है।

### पंकज मिश्रा रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती

**रांची।** मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती कराया गया है। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार से रिम्स लाया गया, जहां सेंट्रल इमरजेंसी एंड ट्रॉमा सेंटर में इलाज के बाद रिम्स के पेइंग वार्ड के कमरा संख्या 14 में शिफ्ट किया गया। इससे पूर्व 29 जुलाई, 2022 को भी पेट दर्द होने पर उन्हें रिम्स में भर्ती कराया था।

### कच्छ में 4.2 तीव्रता का भूकंप, कांपी धरती, किसी तरह का नुकसान नहीं

**भुज।** गुजरात के कच्छ जिले में शुक्रवार सुबह 9 बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया। घरों में कंपन महसूस होते ही लोग बाहर आ गए। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.2 बताई गई है। इसका केंद्र रापर से 19 किलोमीटर दूर था। उल्लेखनीय है कि सौराष्ट्र के कुछ क्षेत्रों में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। कच्छ के साथ राजकोट में भी भूकंप के झटके लोगों ने महसूस किए। वहीं दक्षिण भारत के दो राज्यों कर्नाटक और तमिलनाडु में भी शुक्रवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की अधिकतम तीव्रता 3.2 रही। कर्नाटक के विजयपुरा जिले में सुबह 6:52 बजे भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 रही। इसके अलावा तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में सुबह करीब 7:39 बजे 3.2 तीव्रता का भूकंप आया।

### तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर गिरने के बाद अस्पताल में भर्ती

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) को बृहस्पतिवार रात गिरने के बाद यहां एक निजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भर्ती कराया गया है, उनकी हड्डी टूटने की आशंका है। केसीआर के कार्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि चिकित्सक भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष राव (69) की स्थिति का आकलन कर रहे हैं और सर्जरी की आवश्यकता हो सकती है। उन्होंने कहा कि एक मेडिकल बुलेटिन जारी किया जाएगा। केसीआर के कूल्हे की हड्डी की हड्डी में चोट है। केसीआर का इलाज यशोदा अस्पताल में चल रहा है। खबर है कि उन्हें गुरुवार आधी रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिलहाल 10 घंटे के बाद कुछ परीक्षण करने की संभावना है। जानकारी मिली है कि वह कल रात एर्रावल्ली स्थित अपने फार्महाउस में गिर गये थे। बता दें कि केसीआर 2014 में तेलंगाना के गठन के बाद से ही राज्य के मुख्यमंत्री थे।

### जेडपीएम नेता लालदुहोमा ने ली मिजोरम के मुख्यमंत्री पद की शपथ

**आइजोल।** जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के नेता लालदुहोमा ने शुक्रवार को मिजोरम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने लालदुहोमा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जेडपीएम के 11 अन्य नेता भी मंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में आयोजित किया गया जहां मिजो नेशनल फ्रंट के नेता और निवर्तमान मुख्यमंत्री जोरमथांगा भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में एमएनएफ के विधायक दल के नेता लालचंदमा राल्ते समेत सभी विधायक शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री ललथनहवला भी इस अवसर पर मौजूद रहे। मंगलवार को जेडपीएम विधायक दल ने लालदुहोमा को अपना नेता और के. सपडांगा को उपनेता चुना था। मिजोरम में 40 सदस्यीय विधानसभा है और राज्य में मुख्यमंत्री समेत 12 मंत्री हो सकते हैं। जेडपीएम ने सात नवंबर को हुए राज्य विधानसभा चुनाव में 40 में से 27 सीटों पर जीत हासिल की है।

## बारिश थमी, राज्य में कड़ाके की ठंड शुरू

- रात का पारा दो से चार डिग्री तक गिरेगा
- 20 दिसंबर के बाद दिन के पारे में भी तेजी से होगी गिरावट
- दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में अभी भी तेज बारिश की संभावना



रबी फसल के लिए यह वर्षा उपयुक्त है जबकि पूर्व से खेतों में लगी खरीफ फसल को नुकसान की संभावना है। आलू की खेती करने वाले किसानों को भी अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है अन्यथा फसल पर झुलसा रोग का प्रभाव हो सकता है। रबी फसलों में गेहूं, चना, सरसों, मटर, मसूर के लिए यह वर्षा लाभदायक साबित होगी।
**डॉ. एसके पाल, कृषि विज्ञानी**

**रांची/दिल्ली।** बदलते मौसम के चलते अगले कुछ दिनों में उत्तर भारत के कई राज्यों में तापमान के कम होने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट दर्ज हो सकती है। जम्मू, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के मैदानी हिस्से, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड समेत पश्चिम बंगाल के इलाके में 20 दिसंबर के बाद दिन के पारे में भी तेजी से गिरावट शुरू हो जाएगी।

इधर झारखंड की राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मंगलवार से शुरू हुई बारिश के बाद शुक्रवार को धूप निकली लेकिन इसके साथ कड़ाके की ठंड का दौर भी शुरू हो गया है। इससे रांची व आसपास के जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रांची में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि नौ दिसंबर के बाद आसमान से बादल छंटने के बाद न्यूनतम तापमान में और गिरावट के साथ कंपकंपी बढ़ेगी। कुहासा व धुंध का असर भी बढ़ने लगेगा। उन्होंने कहा कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से में उठे चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर के कारण ही राज्य के मौसम में बदलाव हुआ है। इसके अलावा हरियाणा और पंजाब समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा भी पड़ेगा। हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्से में पश्चिमी विक्षोभ के चलते साइक्लोनिक सकुर्लेशन जैसी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर बारि

एनएच 75 की घटना, एएसआई समेत चार पुलिसकर्मी घायल

## पलामू में पुलिस पेट्रोलिंग वाहन को रौंदने की कोशिश

### जमशेदपुर से चेसिस लेकर मेरठ जा रहा आरोपी चालक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी को रौंदने की दुस्साहसिक कोशिश की गई। घटना में एक एएसआई समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पलामू के सदर थाने की पुलिस नेशनल हाईवे-75 पर जोरकट से दुबियाखाड़ के बीच गश्त कर रही थी। इसी क्रम में एक बड़े ट्रक का चेसिस पुलिस गश्ती वाहन को टक्कर मार दिया। इसके बाद ड्राइवर चेचिस लेकर भागने लगा। इसी क्रम में सामने से गुजर रही पुलिस की एक और गश्ती गाड़ी के जवानों ने जब बदहवाश वाहन दौडा रहे चालक को रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर ने चेसिस से पुलिस कर्मियों को कुचलने का प्रयास किया। इस घटना में एएसआई सुबोध कुमार, सदर थाने में तैनात श्रीवर सहित दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गये। घटना के बाद पुलिस ने पीछा कर चेसिस को रोका व आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। घायल पुलिस अधिकारी व ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सर्वजन पेंशन लागू करने के मामले में झारखंड देश का पहला राज्य : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने 441.06 करोड़ रुपये की 217 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास
- 181303 लाभुकों के बीच 300 करोड़ 96 लाख रुपये की बांटी परिसंपत्तियां




**217 योजनाओं की सौगात**
मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 441.06 करोड़ रुपये की 217 योजनाओं की सौगात गोड्डा वासियों को दी। इसमें 6 करोड़ 96 लाख रुपये की 02 योजनाओं का उद्घाटन और 133 करोड़ 34 लाख रुपये की 215 योजनाओं की नींव रखी गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 181303 लाभुकों को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए उनके बीच लगभग 300 करोड़ 96 लाख रुपये की परिसंपत्तियां बांटी।

**रांची/गोड्डा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को गोड्डा में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में कहा कि झारखंड सर्वजन पेंशन योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य है।

वर्तमान में हमारी सरकार जो योजनाएं बना रही है वे योजनाएं आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त हुए आवेदनों के आकलन के बाद ही तैयार की जाती है। झारखंड की जड़ कैसे मजबूत हो, इस पर हमारी सरकार गंभीरता के साथ कार्य कर रही है ताकि आने वाली पीढ़ी को इसका फल मिल सके। पिछले दो साल में लाखों आवेदन हमें शिविर के माध्यम से प्राप्त हुए। इसका परिणाम यह हुआ कि सबसे पहले हमारी सरकार ने राज्य के बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा माताओं-बहनों सहित सभी जरूरतमंदों के प्रति सरकार ने संवेदना दिखाते हुए राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू की।

**पूर्ववर्ती सरकारों ने लोगों को दलालों के चक्र में फंसाया :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने इन सभी जरूरतमंद वर्ग को दलालों के चक्कर में फंसने को मजबूर कर दिया था। अब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आने वाले पात्र लोगों को पेंशन के लिए विभिन्न कार्यालयों चक्कर नहीं काटना पड़ रहा है। झारखंड जैसा पिछड़ा राज्य अब सभी पात्र लाभुकों एक हजार रुपए पेंशन दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड 23 वर्ष का हो गया है। यह राज्य अब युवावस्था में आ गया है लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इस राज्य को दिशा देने का काम तो किया नहीं, बल्कि इसे खोखला करते रहे।

**आठ लाख तीन कमरों वाला अबुआ आवास दे रहे हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2022 तक सभी गरीबों को आवास देने की बात कही थी। केन्द्र को मालूम है इस राज्य में गरीबों की संख्या अधिक है। हमारी सरकार गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के लिए कई बार केंद्र सरकार से समन्वय बनाने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने हमारी बात को अनसुना कर दिया गया। राज्य सरकार ने अपने दम पर आठ लाख गरीब परिवारों को आवास देने का लक्ष्य तय किया है। इस निमित्त अबुआ आवास योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत तीन कमरों का सुसज्जित आवास गरीबों को दिया जाएगा। सुदूरवर्ती तथा पहाड़ी ग्रामीण क्षेत्रों में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अनुच्छेद 370 निरस्त करने के खिलाफ याचिकाओं पर फैसला सोमवार को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 11 दिसंबर को अपना फैसला सुनाएगा। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बी.आर. गवई और सूर्यकांत की संविधान पीठ पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दिए गए विशेष दर्जे को छीनने और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने वाले 2019 के राष्ट्रपति के आदेश की संवैधानिकता पर फैसला करेंगे। 5 जजों की संविधान पीठ ने 5 सितंबर को दोनों पक्षों की मौखिक दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि वह कोई सटीक समय सीमा नहीं दे सकती है और जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल करने में कुछ समय लगेगा, जबकि यह दोहराते हुए कि इसकी केंद्र शासित प्रदेश की स्थिति अस्थायी है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि संविधान पीठ का फैसला चाहे जो भी हो, ऐतिहासिक होगा और कश्मीर घाटी के निवासियों के मन में मौजूद मनोवैज्ञानिक द्वंद्व को खत्म कर देगा। उन्होंने कहा था कि यह मनोवैज्ञानिक द्वंद्व अनुच्छेद 370 की प्रकृति से उत्पन्न भ्रम के कारण उत्पन्न हुआ कि क्या विशेष प्रावधान अस्थायी हैं या स्थायी। याचिकाकताओं ने दलील दी थी कि जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के भंग होने के बाद संविधान के अनुच्छेद 370 ने स्थायी स्वरूप ले लिया है। मार्च 2020 में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने इस मुद्दे को सात न्यायाधीशों की बड़ी पीठ को सौंपने के याचिकाकताओं के तर्क को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। तत्कालीन सीजेआई एन.वी. रमण की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने तर्क दिया कि अनुच्छेद 370 की व्याख्या से संबंधित प्रेम नाथ कौल मामले और संपत प्रकाश मामले में शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए पहले के फैसले विरोधाभासी नहीं थे।

धीरज साहू के ठिकानों पर तीसरे दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी

## 300 करोड़ से अधिक नोटों की गिनती पूरी

- सारे नोट 500, 200, 100 और 50 के हैं
- नोटों को 157 बैगों में भरकर ट्रक पर लोड कर बैंक पहुंचाया



**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी तीसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रही। अब तक बरामद हुए 300 करोड़ रुपये कैश का बड़ा खुलासा हो चुका था। अलमारियों में रखे सारे नोट 500, 200, 100 और 50 के हैं लेकिन इसमें एक भी 2000 का नोट नहीं दिखा। 2000 रुपये के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं और इन्हें बदलने की अवधि आठ अक्टूबर तक ही थी। जानकारी के अनुसार, 300 करोड़ से अधिक रुपये की गिनती पूरी हो चुकी है लेकिन इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। आईटी की टीम ने धीरज साहू से संबंधित कंपनियों के झारखंड-ओडिशा और बंगाल के 10 स्थानों पर छापेमारी की। आईटी की टीम ने मशीनों का उपयोग करके नोटों की गिनती की और 157 बैगों में भरकर उन्हें एक ट्रक पर लोड कर बैंक में पहुंचाया गया। आईटी की 40 सदस्यों की टीम ने बुधवार की सुबह से ही ओडिशा के बौध, बोलांगीर, रायगढ़ा और संबलपुर, झारखंड के रांची-लोहरदगा और कोलकाता में समूह में छापेमारी की। आईटी ने कंपनी के कई खातों को फ्रीज कर दिया है। इस मुद्दे में आयकर विभाग के अधिकारी कंपनी के प्रबंधन स्तर से आय के स्रोतों और इतनी बड़ी मात्रा में नकदी जमा करने के संदर्भ में पूछताछ कर सकते हैं।

### धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों की रकम बरामदगी पर प्रधानमंत्री मोदी ने कसा तंज

**रांची।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और उनके करीबियों के ठिकानों से आयकर छापे में बरामद की गई रकम की गिनती 200 करोड़ से भी ज्यादा पहुंच गई है। आलमारियों में नोटों की गड्डियों की तस्वीरें सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गई हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे जुड़ी मीडिया में प्रकाशित एक खबर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें... जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### संसद से इस्तीफा देने वाले भाजपा सांसदों को घर खाली करने का नोटिस

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में विधायक का चुनाव जीतने के बाद संसद सदस्यता से इस्तीफा देने वाले भाजपा सांसदों को दिल्ली के उनके सरकारी आवासों को खाली करने का नोटिस दे दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा सांसद सी. आर. पाटिल की अध्यक्षता वाली लोक सभा की आवास समिति ने पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल और पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित संसद से इस्तीफा देने वाले सभी सांसदों को नियमों के मुताबिक दिल्ली के सरकारी घरों को खाली करने का नोटिस दे दिया है। लोक सभा की आवास समिति ने नियमों के मुताबिक इन्हें 30 दिन के भीतर सरकारी आवास खाली करने का नोटिस दिया है। तीनों पूर्व केंद्रीय मंत्रियों के अलावा संसद सदस्यता से इस्तीफा देने वाले राव उदय प्रताप, राकेश सिंह, रीति पाठक, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दीया कुमारी, महंत बालकनाथ, अरुण साव और गोमती साय को भी सरकारी आवास खाली करने का नोटिस दिया गया है।

## डिजिटल अरेस्ट ज्यादा पढ़े-लिखे लोग हो रहे हैं ठगी के शिकार

**रांची की साइबर डीएसपी यशोधरा ने बताया कि झारखंड में अभी तक एक भी मामला नहीं आया है पर सावधानी आवश्यक है और कोई आपकी निजी फोटो के आधार पर धमकी दे तो नजदीकी थाने या राज्य के सात साइबर थानों में अवश्य सूचना दें कार्रवाई भी की जाती है और आजकल मोबाइल सेट को भी ब्लॉक किया जाता है।**



सुनील बादल



**पहले** ओटीपी पूछकर, लिंक में क्लिक कराकर या एनी डेस्क या रस्ट डेस्क जैसे एप डाउनलोड कराकर कम पढ़े लिखे लोगों के साथ ठगी होती थी लेकिन डिजिटल दुनिया में यह उल्टा हो रहा है। देश के कई हिस्सों से अब इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं जहां साइबर ठगों ने लोगों को मजबूर कर उनके पैसे हड़पे हैं। सब से पहले नोएडा से घटना चर्चा में आई एक महिला इंजीनियर को डरा धमकाकर उससे 11 लाख रुपये ठग लिए। कॉल करने वाले ने बताया कि वह ट्राई से बोल रहा है और अगले 2 घंटे में उसका फोन बंद हो जाएगा। उसने महिला को एक नंबर दिया और बोला कि ये क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर का नंबर है इनसे बात कर लीजिए। महिला ने जब उस कथित इंस्पेक्टर को तुरंत कॉल किया तो वो स्काइप कॉल पर बोला कि पहले तो आप कहीं जाएंगी नहीं, अब बैठ जाइए, आपसे लंबी पूछताछ करनी है। पुलिस के मुताबिक, महिला ने कहा कि उसके आधार का कहीं भी कोई इस्तेमाल नहीं हुआ है। लेकिन उस नकली अधिकारी ने फिर एक नकली आईपीएस से भी इस महिला की बात कराई। ये सब कुछ वीडियो कॉल के दौरान हो रहा था। उन दोनों ने मिलकर महिला इंजीनियर को इतना डरा दिया कि वह 8 घंटे से ज्यादा वक्त तक मोबाइल के सामने से हिल नहीं पाई। क्योंकि ऐसा करने पर जेल भेज दिए जाने की धमकी उसे मिल रही थी। आखिर जमानत और दूसरी कानूनी कार्रवाई के नाम पर महिला से 11 लाख रुपये लेने के बाद स्कैमर्स ने फोन काट दिया।

महिला साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पहुंची, जहां उसे पता चला कि उसे डरा डिजिटल अरेस्ट कर उसका अकाउंट खाली कर दिया गया है। कानूनी भाषा में डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई चीज होती ही नहीं है। लेकिन ठगों की भाषा में ये बेहद अहम है। नोएडा और फरीदाबाद में कुछ ऐसा ही हुआ है। डिजिटल अरेस्ट के मामले में स्कैमर्स एक वर्चुअल लॉकअप भी बना देते हैं और अरेस्ट मेमो पर दस्तखत भी डिजिटल कराया जाता है।

ज्यादा पढ़े लिखे और समझदार लोगों को शिकार बनाया जा रहा है। इस नई साइबर ठगी का नाम डिजिटल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पैसे लेकर सवाल पूछने पर महुआ की लोकसभा सदस्यता खत्म

- फैसले के बाद समूचे विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया
- 2005 में ऐसे ही मामले में 10 सांसदों को निलंबित किया गया था

**नई दिल्ली।** पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सदस्य महुआ मोइत्रा की लोकसभा की सदस्यता शुक्रवार को खत्म कर दी गई। लोकसभा ने महुआ मामले में एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पर चर्चा के बाद इसे पास कर दिया। रिपोर्ट में महुआ की सदस्यता खत्म करने की सिफारिश की गई थी। सदस्यता खत्म करने के फैसले के बाद समूचे विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया। इसी के साथ लोकसभा की कार्यवाही सोमवार, 11 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे के बीच सदन में पेश की गई। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए सख्त फैसले लेने होंगे। उन्होंने रिपोर्ट पर चर्चा के लिए आधा घंटे का समय तय किया, जिसे कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों ने नाकाफी बताया था। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य कल्याण बनर्जी ने मांग की कि स्वयं महुआ मोइत्रा को इस संबंध में अपना पक्ष रखने दिया जाए। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ने इसकी अनुमति नहीं दी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि 2005 में इसी तरह के मामले में 10 सांसदों को निलंबित किया गया था और उस दौरान लोकसभा अध्यक्ष रहे सोमनाथ चटर्जी ने सदस्यों को अपनी बात रखने की अनुमति नहीं दी थी। जोशी की ओर से पेश प्रस्ताव पर विचार करने के दौरान विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया और महुआ के निष्कासन के प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। लोकसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आचार समिति की रिपोर्ट बहुत लंबी है। ऐसे में सदस्यों को इसको पढ़ने का और समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि इस मुद्दे पर आज कोई फैसला न लिया जाए। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने भी चर्चा के दौरान कहा कि महुआ पर आरोप लगे हैं, लेकिन उनको अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। यह न्याय संगत नहीं है। कोई भी आचार समिति दंड देने की सिफारिश नहीं कर सकती है उसे सिर्फ रिपोर्ट पेश करने का अधिकार है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर प्रश्न पूछने का आरोप लगाया था।

## गागर में सागर

### नावाडीह में बनेगा वृद्ध आश्रम,कवायद तेज

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के टेम्पो स्टैण्ड के समीप स्थित पुस्तकालय में पलामू वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद सोनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह में वृद्धाश्रम बनाने को लेकर चर्चा की गई। बताया गया कि झारखण्ड सरकार के मंत्री मिथलेश ठाकुर द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि समिति की मांग को जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वृद्ध आश्रम बनने से वृद्धों को रहने में परेशानी नहीं होगी। यह एक बेहतर कार्य होगा। श्री ठाकुर ने अपने मंत्रित्व काल में इसे पूरा करने का संकल्प जताया है। अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद सोनी ने बताया कि आश्रम बनाने को लेकर विगत 5 वर्षों से प्रयास किया जा रहा है। नावाडीह में शिव प्रसाद गुप्ता द्वारा अपनी रैयती भूमि राज्यपाल के नाम दान पत्र देकर स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। लगभग एक एकड़ भूमि पर वृद्ध आश्रम का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि आश्रम निर्माण की अग्रेतर कार्रवाई के लिए पलामू के उपायुक्त द्वारा पहले ही आश्वासन दिया जा चुका है। बैठक में श्यामलाल सिंह, धीरेंद्र चौधरी, रामनाथ राम, शिवनाथ गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता व दिलीप राम समेत कई लोग शामिल थे।

### सोन घाटी पुरातत्व परिषद के संस्थापक सचिव के निधन से शोक

**हुसैनाबाद।** शहर निवासी सोन घाटी पुरातत्व परिषद के संस्थापक सचिव सह दुगार्बाड़ी हुसैनाबाद के संस्थापक सदस्य 65 वर्षीय तापस डे की लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार की सुबह पटना के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनका दाह संस्कार शुक्रवार को पटना स्थित गंगा घाट पर किया गया। निधन की खबर से हुसैनाबाद के राजनीतिक व गैर राजनीतिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सोन घाटी पुरातत्व परिषद व दुगार्बाड़ी समिति ने शोक सभा का आयोजन कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, भाजपा नेता विनोद सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, अशोक कुमार सिंह,प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह, रामप्रवेश सिंह, इंटक के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सोन घाटी पुरातत्व परिषद के अध्यक्ष अंगद किशोर, अभिषेक प्रसाद, जफर हुसैन, कमलेश कुमार, आलोक कुमार, उदय प्रकाश ओझा, सैयद नौशाद, संजय कुमार ओझा, अखिलेश पासवान, जेएमएम के रामप्रवेश सिंह, मुखिया संतोष कुमार सिंह, दिनेश कश्यप, उदय सोनी,देवेंद्र प्रसाद गुप्ता समेत अन्य ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की है।

### बाइकों की टक्कर में दो घायल

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के पुरानी सीएचसी के समीप शुक्रवार की शाम एनएच 98 पर दो बाइकों के आपस में टकरा जाने से बाइक चालक बेलोदर पहाड़ीतर निवासी विक्की शर्मा व बिहार अंबा थाना के करमडीह गांव निवासी भीम कुमार घायल हो गये। विक्की कुमार को प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

### प्ले स्कूलों का रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश

# माइंस व ईंट भट्टे में कोई भी बच्चा न रहे यह सुनिश्चित करें : उज्जवल प्रकाश



### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने पदाधिकारियों संग की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री तिवारी ने बाल अधिकार संरक्षण से संबंधित कार्यों की जानकारी अलग-अलग विभागों के पदाधिकारियों से ली। उन्होंने बाल अधिकार के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। इस दौरान शिक्षा विभाग से बिना रजिस्टर्ड स्कूलों की जानकारी लेकर सबका जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करवाने का निर्देश दिया।

**बच्चों के लिये अलग से डेडिकेटेड बस स्टॉपेज बनाने पर हुई चर्चा :** बैठक में श्री तिवारी ने कहा कि प्रायः ऐसा देखा जाता है कि अक्सर कई बस संचालक बस की गति को धीमा करके बच्चों को बस से उतार देते हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में बच्चों के लिये अलग से डेडीकेटेड बस स्टॉपेज की आवश्यकता है। उन्होंने नगर निगम,ट्रैफिक डिपार्टमेंट,सीडब्लूसी समेत अन्य संबंधित विभागों को इस दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया।

#### बड़े वाहनों के पीछे बाल संरक्षण से जुड़े स्लोगन लिखवाने का निर्देश

श्री तिवारी ने एमव्हीआई से जिले में संचालित बड़े वाहनों की जानकारी ली। उन्होंने जिले में चलने वाले सभी बड़े वाहनों के पीछे बाल संरक्षण से जुड़े स्लोगन लिखवाने का निर्देश दिया। कहा कि माइंस,ईंट भट्टे एवं बीड़ी पत्ता चुनने के कार्य में बच्चों की भागीदारी शून्य हो। इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को श्रम विभाग,आपूर्ति विभाग,स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग व अन्य सभी विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न जगहों पर बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए लगातार छापामारी करने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जपला जेएनवी में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन

# एग्जाम फोबिया से बचाती है कला: सुनील



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जवाहर नवोदय विद्यालय जपला टू में शुक्रवार को चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के कला अध्यापक सुनील कुमार वर्मा के निर्देशन में विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न माध्यमों में किया। बच्यों द्वारा बनाई गई विभिन्न कला कृतियों में प्रमुख रूप से चित्रकला, मूर्तिकला, रंगीन कागज द्वारा क्राफ्ट तथा अनुपयोगी वस्तुओं से विभिन्न प्रकार की कला कृतियों का निर्माण किया गया। अध्यापक सुनील ने कहा कि इस कार्यशाला प्रदर्शनी का उदेश्य परीक्षा के समय छात्रों को होने वाले तनाव को कम करना है। कला बच्चों को एक्जाम फोबिया से बचाती है। नारी सशक्तिकरण व भारत की नई शिक्षा नीति विषय पर आयोजित कार्यशाला में बच्चों ने सारगर्भीत व्याख्यान प्रस्तुत किया। कुमारी श्वेता, मनीषा, जिया, गोविन्द, सना आदि की कलाकृतियां आकर्षण का केंद रहीं। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए तत्कालीन प्राचार्य अभिषेक कुमार सिंह ने कला की प्रशंसा की। प्रदर्शनी के दौरान नितिन कुमार पांडेय, रामकेश मीणा, नसीम, रश्मि आदि उपस्थित थे।

### 6 लोगों पर 58 हजार का जुर्माना लगा

# बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 6 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 6 लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 6 लोगों पर 58 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उनमें हैदरनगर थाना क्षेत्र के साजन कुमार, संजय कुमार, बहादेव साव, विजय चौहान, कैलाश चौहान व ब्रजेंद्र सिंह का नाम शामिल हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार व रंजित कुमार शामिल थे। कनीय अभियंता ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा।

## कोनवाई में मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी प्रखंड अंतर्गत कोनवाई में चल रहे प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता का बुधवार को समापन किया गया। फाइनल मैच तेतराई बनाम सकलदीपा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। इसके बाद निर्णायकों ने पेनाल्टी शूट आउट का निर्णय लिया। जिसमें तेतराई ने एक गोल से जीत हासिल कर कप पर कब्जा जमाया। इसके पूर्व अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। कोनवाई मुखिया पति बृजदेव सिंह ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं-युवतियों के हुनर को तराशने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता की शुरूआत की है। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद सफी अलम व कपिलदेव कुमार सिंह ने किया। विजेता टीम तेतराई को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने की शुभकामनायें दी गयीं। मौके पर मुखिया मुकेश सिंह, मुखिया हफीजुल अंसारी, रेफरी जहांगीर शाह, लाइनमैन कार्तिक सिंह ,बिंदा सिंह पाल एवं निर्णायक के रूप में हरेंद्र सिंह व मानकी सिंह रहे।

### सड़क दुर्घटना में मृत प्रिंस पांडेय का शव गांव पहुंचते ही शोक की लहर

**पाटन।** स्थानीय महुलिया निवासी 26 वर्षीय प्रिंस पांडेय का शव पहुंचते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पिता विजय पांडेय पुत्र का शव देखकर बेहोश हो गये।। मृत प्रिंस पांडेय रांची में एमआर का काम करते थे। दो भाईयों में वे बड़े थे। पिता साधारण किसान है। मृतक घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। वे महुलिया गांव के ही अपने साढ़ू के साथ बाइक से औरंगाबाद जिले के चिल्की गांव पत्नी की मौसी की बेटी की शादी में सम्मिलित होने जा रहे थे। शुक्रवार को बारात आने वाली थी।। तभी रास्ते में हरिहरगंज के पास विपरीत दिशा से आ रहे हाईवा की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। मृतक की दो साल पहले शादी हुई थी।। मौत की सूचना पर जिप सदस्य संग्राम सिंह, पूर्व जिप सदस्य मुक्तेश्वर पांडेय, राजू सिंह, प्रदीप पांडेय, राम बिनय पांडेय आदि ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

### नौडीहा पंचायत में लगाया गया सरकार आपके द्वार शिविर

**पाटन।** नौडीहा पंचायत मे झारखंड सरकार की आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार फेज टू शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ दीपक कुमार मिश्रा, मुखिया रंजीत कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में 18 प्रकार के स्टाल लगाए गये। शिविर में अबुआ आवास के लिए 600 आवेदन प्राप्त किये गये। मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी सीडीपीओ के द्वारा नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया। शिविर में दस स्कूली बच्चों के बीच 4500 रुपए का चेक वितरण किया गया।

## आपकी योजना आपकी सरकार के तहत तीन महिलाओं की गोद भराई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को हरिहरगंज प्रखंड के सुदूरवर्ती ढकचा गांव में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य आपूर्ति, मनरेगा, जेएसएलपीएस सहित कई विभागों द्वारा प्रदत्त परिसंपत्तियों का पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों ने वितरण किया। मौके पर सीओ यामुन रविदास ने कहा कि कार्यक्रम के तहत आपके द्वार पर प्रशासन पहुंची है। आपकी समस्या को सुनकर समाधान किया जा रहा है। इस दौरान महिला व बाल विकास परियोजना की ओर से सेविका इंदु देवी, कुंती देवी, मुन्नी देवी द्वारा तीन महिलाओं की गोद भराई की रस्म तथा दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में आकांक्षी प्रखंड कोआर्डिनेटर प्रणव कुमार, मुखिया उषा देवी, एमओ ब्रजेश कुमार, समाजसेवी बलराम भुइंया, पंसस मंजू देवी, पिकेट प्रभारी नीतीश कुमार, पंचायत सेवक निरंजन सिंह, इंद्रदेव यादव, रोजगार सेवक दिलीप चंद्रवंशी, प्रधान सहायक सरजू बैगा, अमित यादव उपस्थित थे।

### हर घर के दरवाजे पर पहुंच रही सरकार

# आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर में अबुआ आवास के लिये उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण के तहत पाटन के मेराल पंचायत सचिवालय में शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ दीपक कुमार मिश्रा, मुखिया छोटू सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ श्री झा ने कहा कि आपके द्वार शिविर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। सुदूरवर्ती क्षेत्र के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति के दरवाजे तक सभी विभाग पहुंच रहे हैं। मौके पर सीडीपीओ कुमारी अनिता, पशु चिकित्सक डा. मनीषा, पंचायत सेवक आलोक पांडेय, जीपीएस कामेश्वर महतो, शिवम जायसवाल, निर्मलकान्त ठाकुर, मृत्युंजय सिंह आदि की उपस्थिति में बाल विकास परियोजना द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन ( मुंहजुठी) कराया गया। जबकि कल्याण विभाग द्वारा छात्राओं के बीच साइकिल वितरण डेमो चेक की वितरण किया गया। वनांचल ग्रामीण बैंक हमीदगंज द्वारा जेएसएलपीएस के सखी बहनों को 1,35,000 रू. का चेक वितरण किया गया।

## हरिहरगंज में नियमित रूप से बिजली आपूर्ति बहाल हो : राजीव

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** क्षेत्र में निर्बाध रूप से बिजली मिले। इसके लिए हरिहरगंज में स्थाई रूप से विद्युत कनीय अभियंता की पदस्थापना हो। अन्यथा उपभोक्ता आंदोलन करेंगे। उक्त बातें भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने शुक्रवार को न्यू सब्जी मंडी स्थित अपने आवास पर वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बिजली समस्या को लेकर पहले भी आंदोलन किया जा चुका है। उस समय अधिकारियों द्वारा बिजली नियमित रूप से देने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद भी बावजूद पिछले कई दिनों से बिजली की आपूर्ति बदतर हो गयी है। इससे उपभोक्ताओं में काफी रोष है। मामले को लेकर उन्होंने विद्युत महाप्रबंधक से नियमित बिजली आपूर्ति तत्काल बहाल करने तथा हरिहरगंज में स्थाई रूप से जेई की पदस्थापना करने की मांग की है। मौके पर शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह, भाजपा नेता विजय प्रजापति, शंभू यादव के अलावे बलराम ठाकुर, छोटू कुमार, अजीत कुमार, अभय कुमार, संजय कुमार, मोहम्मद हुसैन, नंदकिशोर मेहता, गोपाल प्रसाद, दिनेश स्वर्णकार आदि मौजूद थे।

### माउंट टेरा स्कूल के चैयरमैन ने लगाया पीपल का पौधा

**नावा बजार संवादाता।** जिला स्थित भंडार ग्राम में माउंट टेरा स्कूल के चैयरमैन विनोद पांडे द्वारा गांव में पीपल का पौध रोपित किया गया। उन्होंने बताया कि हमारे ग्राम में पीपल की वृक्ष की कमी को देखते हुए पौधरोपण करने का निर्णय लिया गया है। अगर औषधि रूप से देखा जाए तो यह वृक्ष पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन देने का कार्य करती है। पीपल को पेड़ों का राजा कहा जाता है। गर्मी के दिनों में इस वृक्ष के नीचे विश्राम करने से शीतलता मिलती है। इसी वृक्ष के नीचे गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय से आमंत्रित ई– अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सं0–239/RII/2023-24/RWD/LOHARDAGA दिनांक 02.12.2023 PR No. 312791( Lohardaga) 23-24(D) द्वारा प्रकाशित ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना के क्रमांक–4 में वेबसाईट में निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.12.2023 अपराह्न 3.30 बजे के स्थान पर दिनांक 29.12.2023 अपराह्न 3.30 बजे पढ़ा जाय।

अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का0 वि0
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा ।

PR.NO.313052 Lohardaga(23-24):D

**कार्यालयः– जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार।**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**

मनिका विधान सभा क्षेत्र के विधायक निधि से मनिका विधान सभा क्षेत्र के कुल 70 विद्यालयों के छात्र/छात्राओं की बौद्धिक विकास एवं पुस्तकालय विकास के लिए अनुशंसित पुस्तकों के क्रय/आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशको/आपूर्तिकर्त्ता/पुस्तक विक्रेताओं से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक– 23.12.2023 को अपराह्न 12:00 बजे तक |
| II. | निविदा जमा करने का स्थान | :– | जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार। |
| III. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक– 23.12.2023 को अपराह्न 3:00 से |
| IV. | निविदा खोलने का स्थान | :– | उप विकास आयुक्त, लातेहार के कार्यालय वैश्म। |

नोटः– निविदा संबंधित विस्तृत सूचना/ नियम शर्तें एवं अनुशंसित विद्यालयों/पुस्तकों की सूची एवं राशि जिला के वेबसाईट https://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
लातेहार।

PR 312998 (Rural Development) 23-24 (D)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PLANNING AND MONOTORING DIVISION, MEDININAGAR**
(Mail Id-executiveengineer2021@gmail.com)

**CORRIGENDUM NOTICE**

With reference to advertisement under NIT NO:- WRD/PMD /MEDININAGAR/SBD-01/2023-24 Dated:-29.11.2023 (PR NO-312246 District-23-24_D) regarding For Restoration & Lining work in Main Canal of Ghaghri Weir Scheme and Repair of its various structure under Latehar District following modification have been made:-

1. Cost of tender fee and Earnest Money Deposit (EMD) will be received through online mode i.e. http://jharkhandtenders.gov.in on all working days between 06.12.2023 to 26.12.2023 up to 5:00 PM.
2. Date & Time of opening of Technical Bid on 28.12.2023 at 3:00 PM.
3. Other terms and conditions remain unchanged.

Executive Engineer
Planning & Monitoring Division
Medininagar

PR 312991 District(23-24)#D

**झारखण्ड सरकार पथ निर्माण विभाग**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार**
(1st Call)

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
ई–टेन्डर रिफरेंस संख्या– RCD/LATEHAR/1053/2023-24
दिनांक–08.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | मोरवई – गारू पथ (MDR-039) के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 37.00 तक (कुल लम्बाई–37.00 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य। |
| 2क. | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | रू0 :– 23,12,28,390.00 (तेईस करोड़ बारह लाख अठाईस हजार तीन सौ नब्बे रूपये) मात्र |
| 2ख. | बिड सिक्यूरिटी – (रू0 में) | रू0–23,13,000.00 (तेईस लाख तेरह हजार) मात्र |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छः) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.12.2023 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 01.01.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमडल लातेहार, पिन कोड– 829206 |
| 7. | ई–प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क संख्या | 06565–247907 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

नोट : निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
निविदा की अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल
लातेहार

PR313016 (Road)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 03/2023-24/EE/RWD/LATEHAR जिसका PR No. – 312396(REO) 23-24 (D) है, में निविदा खोलने की तिथि 22.12.2023 के स्थान पर 23.12.2023 पढ़ा जाय।

निविदा के शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 313024 REO(23-24)#D

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय का नाम | कारा निरीक्षणालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विषय | राज्य के विभिन्न काराओं में बंदियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु Reverse Osmosis System/Plant के क्रय/अधिष्ठापन/परीक्षण/ कार्यषील (सभी सहायक उपस्कर सहित) एवं वार्षिक रख–रखाव (CAMC) के निमित्त Work Contract हेतु ई०निविदा का आमंत्रण। |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) | ₹ 10,000.00 (दस हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के प्रकाशन की तिथि एवं समय | 15.12.2023 (शुक्रवार) को अपराह्न 03:00 बजे से। |
| 5. | Pre bid की तिथि, समय एवं स्थान | 21.12.2023 (गुरूवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे, अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में। |
| 6. | निविदा online upload करने की तिथि | 23.12.2023 (शनिवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से। |
| 7. | निविदा online upload करने की अंतिम तिथि | 05.01.2024 (शुक्रवार) को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | 08.01.2024 (सोमवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में। |

नोटः–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु कारा निरीक्षणालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, नगर प्रशासन भवन, एच०ई०सी० कैम्पस, धुर्वा, राँची में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

(उमा शंकर सिंह)
कारा महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची

PR 312984 Prison(23-24)#D

## गागर में सागर

### नरसिंहपुर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुनियादी विद्यालय नरसिंहपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, अंचलाधिकारी संजय बाखला, उपप्रमुख सुनील सिंह, मुखिया मीना देवी, समाजसेवी व्यास राम चौरसिया एवं पंचायत समिति सदस्य कमल किशोर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के पंचायत के लोगों को आसानी से उनके घर तक पहुंच सके।। उन्होंने ग्रामीणों से इसका लाभ लेने की अपील की। मुखिया मीना देवी ने कहा कि शिविर में जनता की हर समस्या का निराकरण किया जाएगा। व्यास राम चौरसिया ने झमाझम वर्षा होने के कारण ग्रामीणों को हुई परेशानी के लिए खेद प्रकट किया। संचालन जीपीएस राधेश्याम ने किया। मौके पर चैनपुर एसआई जगजीवन प्रसाद सिंह समेत सभी वार्ड सदस्य व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

**मेदिनीनगर।** आबादगंज स्थित ऑक्सब्रीज स्टार कोचिंग सेंटर के तत्वावधान में शुक्रवार को सेमीनार एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएसपी सुरजीत कुमार एवं प्रथम मेयर अरूणा शंकर ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कोचिंग के डायरेक्टर राहुल चतुर्वेदी ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि प्रतियोगिता से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। पलामू के विकास को तीव्र गति कैसे दिया जा सकता है व अपराध नियंत्रण में युवाओं की भूमिका पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सारगर्भित प्रस्तुति की। सेमीनार का संचालन बर्षा तिवारी एवं सुमन गुप्ता ने किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार संयुक्त रूप से रिया कुमारी एवं अर्चना कुमारी को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार रजिया सुल्तान व ट्विंकल चंद्रा को दिया गया एव प्रिया कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। संतोष कुमार, नंदन यादव, रितम्भरा कुमारी, पलक, साफिया, दीर्घा व आत्मजा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। सेमीनार में मुख्य रूप से बंगाल इंफोटेक के निदेशक अरिन्दम दत्ता, कल्पना एजूकेशनल ट्रस्ट के संचालक शिवांगिनी दत्ता, शिक्षक यूएस चौबे, आरएन सिंह,रिंकेश कुमार, एसपी दुबे, संजीव तिवारी, देवानंद, उद्देश्य कुमार मौजूद रहे।

### छत से गिरकर महिला घायल, स्थिति गंभीर



**मेदिनीनगर।** बिहार के टंडवा जिला निवासी इबरार अंसारी की पत्नी आशमा खातून उम्र 40 वर्ष अपने घर के छत से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया कि आसमा खातून गुरुवार की रात अपने छत पर टहल रही थी। इसी बीच वह छत से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके सिर में गहरी चोट लगी है। इसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

44 झारखंड बटालियन का 10 दिवसीय शिविर

# 430 एनसीसी कैडेट्स ने सीखे भाईचारे के साथ रहने के गुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 44 झारखंड बटालियन एनसीसी मेदिनीनगर के तत्वावधान में लिलवाकरम स्थित मानव देवी डेडीकेटेड इन्टर कॉलेज प्रागंण में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बटालियन के समादेशी अधिकारी कर्नल अमिताभ मुखर्जी के निर्देशन में 29 नवंबर से आयोजित शिविर का समापन आठ दिसंबर को किया गया। इसमें पलामू प्रमंडल स्थित गढ़वा, पलामू व लातेहार जिले के 430 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। शिविर के दौरान कैडेट्स को मिलजुल कर कार्य करना, अनुशासित दिनचर्या एवं जीवन के विभिन्न अनुभवों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षुओं को बताया कि वर्तमान उथल-पुथल भरे जीवन में परस्पर भाईचार बहुत ही जरूरी है। सामाजिक एकता को बनाए रखने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। कैडेट्स को सैन्य जीवन का भी अनुभव करवाया गया। कर्नल मुखर्जी साहब ने कैडेट्स को सामाजिक एवं व्यक्तिगत मनोविज्ञान के मिश्रण के साथ जीवन में आगे बढ़ने व सफल होने के तरीकों से अवगत कराया। आयोजन में एनसीसी अधिकारी सतीश दुबे, उदय कुमार के साथ भारतीय सेना के सूबेदार मेजर माना उरांव, सूबेदार विमलेश, शिभू सोरेन, हवलदार स्वर्णजीत, अशोक, मनदीप सिंह, हवालदार बृजेश का विशेष योगदान रहा।

### हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम लोहड़ा में आज

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पड़वा प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत लोहड़ा के मध्य विद्यालय प्रांगण में शनिवार की सुबह 11 बजे हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसका शुभारंभ पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम करेंगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की जायेगी। कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना,किसान सम्मान निधि योजना,केसीसी,पोषण अभियान, जनधन योजना,सुरक्षा बीमा योजना,जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना है

भव्य शोभा यात्रा निकाल किया नगर भ्रमण

# श्री राणी सती दादी मां के जयकारे से गुंजायमान मेदिनीनगर





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेड़मा चौक स्थित नव निर्मित श्री राणी सती दादी मां पुर्न प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दौरान शुक्रवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाये जा रहे श्री राणी सती दादी मां के जयकारे से मेदिनीनगर गुंजायमान हो उठा। शोभा यात्रा निकालकर श्री राणी सती दादी मां, भगवान बालाजी, श्रीगणेश सहित 12 सतियों की प्रतिमाओं के साथ नगर भ्रमण किया गया। माली मोहल्ला स्थित निर्माणाधीन श्याम मंदिर से निकली शोभा यात्रा आदत रोड, जय भवानी संघ चौक, पंचमुहान चौक, डाबर मोड़, छहमुहान, एमजी रोड होते हुए रेड़मा चौक स्थित मंदिर में पहुंची। हाथी-घोड़ा, पालकी के साथ निकली शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। रास्ते में पप्पू सर्राफ ने अपने परिजनों के साथ मां की आरती कर चरण पादुका अर्पित की। आयोजन में श्री श्याम मित्र मंडली के सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। निशान की व्यवस्था भी उनके ही द्वारा की गई। कार्यक्रम में 500 से अधिक भक्तों ने सहभागिता की। मौके पर सुरेश भिवानिया, आलोक सांवरिया, मुख्य कार्यक्रम संयोजक मनोज तुलस्यान, संदीप केजरीवाल, संजय, विमल उदयपुरिया, राजेश अग्रवाल, विकास सिंघानिया, विकास उदयपुरी, मनीष भिवानिया, यश सर्राफ आदि मौजूद थे।

### वृहद भंडारे के साथ समापन आज

पांच दिवसीय पुर्न प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शनिवार को समापन किया जायेगा। पूर्वाह्न यज्ञ-हवन के उपरांत मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें भक्तों को मां का प्रसाद अर्पित किया जायेगा।

## बीडीओ ने कहा स्वरोजगार अपना आत्मनिर्भर बनेंगी महिलायें

# पांकी के माड़न में स्वयं सहायता समूह की दीदीयों को मिला 70 लाख रुपये का चेक

### जिले में अब तक की सर्वाधिक राशि का वितरण

**अखिलेश चौबे**

मेदिनीनगर। पांकी प्रखंड के माड़न पंचायत के राजकीय कृत मध्य विद्यालय परिसर में शुक्रवार को आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर में स्वयं सहायता समूह की दीदीयों को 70 लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया। मौके पर मौजूद पांकी बीडीओ राजकुंवर सिंह ने समूह की सदस्याओं को चेक सौंपते हुये हर्ष जताया कि इससे स्वरोजगार अपनाकर दीदीयां आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्हें अपने दैनिक कार्यों व परिजनों की आवश्यकता के लिए किसी पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। चेक पाकर समूह की सदस्यायें खुशी से फूले नहीं समाईं। इसके साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं को जहां सायकिल के लिए चेक का वितरण किया गया। वहीं लाभुकों में अन्य परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ श्री सिंह, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, मुखिया साजदा खातून, जिला पार्षद खुशबू कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीडीओ ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का भ्रमण कर ग्रामीणों को योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने के लिये प्रेरित किया।




### एक दिन में अबुआ आवास के आवेदन का बना रिकार्ड

शुक्रवार को पांकी प्रखंड ने एक दिन में अबुआ आवास आवेदन के संबंध में अपने खुद के ही बनाये रिकार्ड को ध्वस्त करते हुए नया कीर्तिमान बनाया। बताते चलें कि 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी सरकार कार्यक्रम के पहले ही दिन पांकी प्रखंड के सगालीम गांव में आयोजित शिविर में अब तक जिले के सभी प्रखंडों में सर्वाधिक अबुआ आवास के 1334 आवेदन जमा किये गये थे। जबकि 8 दिसंबर को प्रखंड के माड़न गांव में आयोजित शिविर के दौरान 1384 आवेदन जमा किये गये।

'प्रारंभ से ही कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिये युद्ध स्तर पर कवायद की गयी थी। नतीजन अधिकाधिक लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंची। प्रदेश सरकार के मंशानुरूप निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले सभी पात्रों को हर हाल में योजना का लाभ दिलाया जायेगा।'
राजकुंवर सिंह, बीडीओ पांकी।

मामला जिले के विश्रामपुर प्रखंड का

# स्थानांतरित जगह पदभार न लेने वाले पंचायत सचिव का बीडीओ ने रोका वेतन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी नये स्थल पर पदभार ग्रहण न करने वाले पंचायत सचिव का विश्रामपुर के बीडीओ विक्रम आनंद ने अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का निर्देश जारी किया है। विदित हो कि पंचायत कार्यों में तेजी व पारदर्शिता के उद्देश्य से पिछले दिनों बीडीओ श्री आनंद द्वारा पंचायत सचिवों का स्थानांतरण किया था। बताया जाता है कि अन्य सचिवों ने तो नये स्थल पर पदभार ग्रहण कर लिया था, किंतु मुकेश कुमार ने अभी तक स्थानांतरित स्थल पर योगदान प्रारंभ नहीं किया है। जबकि उनके स्थान पर स्थानांतरित होकर आये पंचायत सचिव ने दायित्व निभाना शुरू भी कर दिया है। इसे गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने पंचायत सचिव मुकेश कुमार का अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का आदेश जारी किया गया है। बीडीओ ने बताया कि ग्राम पंचायतों में सुगमता पूर्वक कार्य संचालन के लिये अब प्रखंड अंतर्गत स्थित सभी 10 पंचायतों में अलग-अलग पंचायत सचिवों की तैनाती की गयी है। किसी को भी अतिरिक्त पंचायत का प्रभार नहीं दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इससे अब ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल निदान संभव हो पायेगा।

# श्री हनुमंत कथा समिति ने हाई कोर्ट में दायर की नयी याचिका

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम सरकार) का प्रस्तावित कार्यक्रम अब रैयती भूमि पर किया जायेगा। इसकी तिथि अगले वर्ष 10 से 15 फरवरी के बीच निर्धारित किया गया है। गढ़वा रोड स्थित ओड़नाम ग्राम सभा की अनुमति मिलने के बाद श्री हनुमंत कथा समिति ने हाई कोर्ट में अनुमति के लिये नयी याचिका दायर की है। विदित हो कि पलामू के उपायुक्त द्वारा विभिन्न कारणों से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का पिछला प्रस्तावित कार्यक्रम रद्द कर दिया गया था। इसके बाद आयोजन समिति ने शहर से बीस किमी दूर कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया है। बहरहाल इस मामले में अब सभी की नजर हाई कोर्ट के आदेश पर टिकी है।



इटको मुखिया ने छात्रों को दिया सायकिल का चेक

# आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों के बीच बीडीओ ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** प्रखंड क्षेत्र के इटको पंचायत स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय नावा बाजार परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, मुखिया जोहरा बीवी, उपप्रमुख मीर खुर्शीद आलम, मनरेगा बीपीओ चंद्रशेखर कुमार,सफीर आलम, राजबली महरा,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, एमओ प्रभु राम आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन विकास पांडे ने किया। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ श्री प्रसाद ने लाभुकों को बिरसा सिंचाई कूप,दीदी बाड़ी योजना,कंबल वितरण,सोना सोबरन योजना सहित कई परिसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने शिविर में लगे 21 स्टॉलों का निरीक्षण कर लाभुकों को लाभान्वित करने का कर्मियों को निर्देश दिया। वहीं मुखिया ने स्कूली छात्रों को सायकिल वितरण का चेक प्रदान कर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर पंचायत सचिव प्रभु राम,कनीय अभियंता राजू पासवान, बीपीएम वैभव कांत आदर्श, रोजगार सेवक अमित कुमार सिन्हा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नीरज कुमार, पशुपालन विभाग के डा. विकास देव, सुपरवाइजर मिसी किरण, गोविंदा पाण्डेय, रमाकांत तिवारी, विकास तिवारी, एएनएम प्रतिमा कुमारी, डा. लवकुश कुमार, एलटी जलज कुमार, सुमन कुमारी, पूर्व मुखिया अजय कुमार उर्फ दीपक गुप्ता आदि मौजूद थे।



## शिविर

### ऑन स्पॉट 6089 का निष्पादन

# आपकी सरकार- आपके द्वार शिविर में आये 1,28,202 आवेदन

### शिविरों में अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर सर्वाधिक भीड़ देखी जा रही है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इन दिनों जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में अब तक जिले में लगाये गये शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1,28,202 आवेदन प्राप्त हुये। जिसमें से 6089 का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। इस दौरान किसी लाभुक को कंबल वितरण, किसी वृद्धा पेंशन,किसी को जॉब कार्ड,बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया है। इसी तरह अन्य लाभुकों को अलग-अलग योजनाओं से उनकी पात्रता अनुसार लाभान्वित किया जा रहा है। शिविरों में अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर सर्वाधिक भीड़ देखी जा रही है। वहीं विद्यार्थियों में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर विशेष उत्साह व्याप्त है। आवेदनों का स्टॉलों पर ऑनलाइन इंट्री भी किया जा रहा है।

### गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड ने चंदन की उच्च शिक्षा का मार्ग किया प्रशस्त




**मेदिनीनगर।** झारखण्ड सरकार के गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर विद्यार्थियों में काफी हर्ष का माहौल है। विद्यार्थी इस योजना का लाभ लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने को लेकर उत्सुक हैं। योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों को अब प्रखंड एवं जिला कार्यालय का चक्कर भी नहीं काटना पड़ रहा है, बल्कि आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अपने ही पंचायत के शिविर में लाभ मिल जा रहा है। इसी कड़ी में छतरपुर के चंदन कुमार गुप्ता को भी गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मिलने वाला है। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में चंदन द्वारा आवेदन जमा किए जाने के बाद स्वीकृति मिल गई है। चंदन ने बताया कि वह 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। पिताजी किसान हैं। उनकी आमदनी कम है। जिस कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आर्थिक तंगहाली को देखते हुए उच्च शिक्षा की ओर कदम नहीं बढ़ा रहे थे, लेकिन जब उन्हें गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ मिला तो उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए उनका मनोबल भी ऊंचा हो गया। विदित हो कि झारखंड राज्य के 10वीं तथा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के तहत 4 लाख तक के ऋण पर कोई मार्जिन मनी नहीं लगता है। इस योजना के तहत अधिकतम 15 लाख तक का शिक्षा ऋण प्रदान किया जाता है।

# जिला स्तरीय जूनियर बालक- बालिका कबड्डी चयन प्रतियोगिता कल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में 10 दिसम्बर की पूर्वाह्न 11 बजे से विमला पांडे ज्ञान निकेतन स्कूल बैरिया के मैदान पर जूनियर बालक- बालिका कबड्डी चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में पलामू जिला के सरकारी, गैर सरकारी सभी स्कूल व क्लब के वैसे इच्छुक खिलाड़ी जिनका वजन बालक के लिए 70 किलोग्राम व बालिका के लिए 65 किलोग्राम से कम हो एवं जन्मतिथि 31 दिसंबर 2023 तक 20 वर्ष से कम हो भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जामताड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतियोगिता स्थल पर आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र (मैट्रिक के प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित हो) व 4 पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। विशेष जानकारी के लिए निधि उपाध्याय शारीरिक शिक्षक विमला पांडे ज्ञान निकेतन से संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी पलामू डिस्ट्रिक्ट कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमला नन्द दुबे ने दी है।

## गागर में सागर

### नशे में धुत बाइक सवार युवक ने स्कूल से निकली छात्रा को मारा धक्का, घायल



**भवनाथपुर।** हाई स्कूल के सामने शराब के नशे में धुत बाइक चालक युवक ने हाई स्कूल की छात्रा पंडरिया निवासी काजल कुमारी को धक्का मारकर घायल कर दिया। स्थानीय व्यवसायियों ने नशे में धुत बाइक चालक को कब्जे में लेकर छात्रा को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले जाकर भर्ती कराया। आयुष डॉक्टर जेपी ठाकुर द्वारा छात्रा का इलाज किया जा रहा है। चिकित्सक ने बताया कि छात्रा को सीने में गंभीर चोटें आयी हुई हैं। घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन को दे दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया ने छात्रा स्कूल से सहेलियों के साथ बाहर निकली हुई थी। इसी दौरान भवनाथपुर बाजार की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक चालक केतार के मुकुंदपुर निवासी विकास ने छात्रा को चपेट में ले लिया।

### मतदाता सूची में नये मतदाताओं का 9 दिसंबर तक नाम होगा शामिल

**केतार।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 9 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व कटवाने के लिए दावे व आपत्ति प्राप्त की जाएंगी। इसको लेकर बीपीआरओ राजीव कुमार एवं प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार ने शुक्रवार को बूथ भ्रमण किया। इस दौरान प्रपत्र 6 फार्म भरकर ऑनलाइन इंट्री किया। 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आवेदन ऑनलाइन या फिर बीएलओ के माध्यम से जमा होंगे। प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार ने दस बूथों पर 25 युवकों व युवतियों का मतदाता सूची में नाम ऑनलाइन इंट्री किया तथा बूथों पर भ्रमण कर शनिवार तक छूटे लोगों को जोड़ने के लिए बीएलओ को निर्देश दिया।

### प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक को नशे की हालत में उठा ले गई पुलिस

**केतार।** केतार प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक सिदेश्वर नाथ को केतार पुलिस ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय केतार से नशे के हालत में उठाकर थाना ले गयी है। जानकारी के अनुसार प्रधान सहायक सिदेश्वर नाथ प्रखंड कार्यालय में कर्मियों से शराब के नशे में धुत होकर बदतमीजी कर रहा था। प्रखंड कर्मी द्वारा इसकी सूचना बीडीओ नंदजी राम को दी गई। बीडीओ ने एक्शन लेते हुए थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने प्रधान सहायक को प्रखंड कार्यालय से उठा कर थाना ले गयी। हालांकि एक घंटे बाद समझा-बुझाकर छोड़ दिया।

### पंचायत समिति कार्यकारणी की बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति कार्यकारणी की बैठक शुक्रवार को हुई। इसकी अध्यक्षता प्रमुख अनिता यादव व संचालन बीडीओ हरिनाथ महतो ने की। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी लेने के उपरांत प्रखंड में नली, गल्ली, पीसीसी सहित अन्य योजनाओं का चयन किया। साथ ही प्रखंड में तेज गति से विकास योजनाओं का क्रियान्वयन कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, उज्जवल सिंह सहित समिति सदस्य उपस्थित थे।

# बीडीओ ने कम राशन देने पर दुकानदार को लगाई फटकार

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



बीडीओ विकास कुमार ने शुक्रवार को जंगीपुर उरांव टोला स्थित पीडीएस दुकान की जांच की। जांच के दौरान डीलर बबलू उरांव के द्वारा लाभुकों को कम राशन दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये डीलर को कड़ी फटकार लगाई तथा चार दिनों के अंदर पूरा राशन वितरण करने का निर्देश दिया। जानकारी के मुताबिक जंगीपुर उरांव टोला के लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ से डीलर बबलू उरांव के द्वारा तीन माह से आधा राशन दिये जाने की शिकायत की थी। शिकायत के आलोक में बीडीओ ने तत्काल दुकान पहुंचकर मामले की जांच की। जांच के दौरान लाभुकों की शिकायत सही साबित होने पर डीलर को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही अपनी मौजूदगी में लाभुकों के बीच तौल कर राशन का वितरण कराया। उन्होंने डीलर को चार दिनों के भीतर शेष बचे अनाज को वितरित करने का कड़ा निर्देश दिया। साथ उन्होंने डीलर को अगली बार शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

### मरौनी की बेटी की उपलब्धि से गांव सहित पूरी लोहरगाड़ा पंचायत खुश

# बेबी का नेशनल कबड्डी टीम में चयन

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



प्रखंड क्षेत्र के मेरौनी गांव निवासी महेंद्र मेहता की पुत्री बेबी कुमारी का चयन झारखंड राज्य महिला कबड्डी टीम में हुआ है। बेबी कुमारी पंजाब में आयोजित 70 वें सीनियर नेशनल महिला कबड्डी चैंपियनशिप (10 दिसंबर से 13 दिसंबर) में झारखंड की टीम से खेलेंगी।

गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने बताया कि बेबी कुमारी का यह पहली सीनियर नेशनल चैंपियनशिप होगी। इससे पहले बेबी जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में भाग ले चुकी हैं। बेबी कबड्डी कोच अजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कबड्डी में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रही हैं। बेबी का झारखंड महिला टीम में चयनित होने पर मेरौनी गांव सहित लोहरगाड़ा पंचायत में खुशी की लहर है। लोहरगाड़ा पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने कहा की केतार प्रखंड के लिए गौरव की बात है की सूदरवर्ती क्षेत्र से महिला खिलाड़ी राज्य लेवल प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। उन्होंने बेबी को खेल में अच्छा प्रदर्शन कर राज्य का नाम रौशन करने और पंचायत और प्रखंड का मान बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

बेबी कुमारी को बधाई देने वालों में प्रमुख चंद्रावती देवी, जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, उप प्रमुख शम्भू सिंह खरवार, पंचायत समिति सदस्य राम ब्रत मेहता, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, मुखिया मुंगा साह, प्रमोद कुमार, बसंती देवी, ललिता देवी, मुन्नी देवी, श्याम सुंदर बैठा आदि शामिल हैं।

# 272 आवेदन ऑन द स्पॉट निष्पादित

### बड़गड़ प्रखंड की परसवार पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड अंतर्गत परसवार पंचायत के टेंगारी गांव स्थित परियोजना +2 उच्च विद्यालय के प्रांगण में मुखिया जंगलपती लकड़ा की अध्यक्षता में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार, अंचल पदाधिकारी राकेश भुषण सिंह, प्रखंड प्रमुख शांति देवी, उपप्रमुख दीपिका खलखो, जिप सदस्य रूपांजली जयसवाल, बिस सूत्री अध्यक्ष विश्राम बाखला, उपाध्यक्ष राधेश्याम जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि आनन्द सोनी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मींज ने सामूहिक रूप से किया। सभी विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन लिये गए। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 775 आवेदन आए, जिनमें 272 आवेदनों को ऑन द स्पॉट निष्पादित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत के 40 लोगों कंबल प्रदान किया गया। छह लाभुकों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा अबुआ आवास से संबंधित कुल 352 आवेदन प्राप्त हुए। नया राशन कार्ड बनाने हेतु 26, राशन कार्ड में नया नाम जोड़ने को लेकर 17, मनरेगा जॉब कार्ड के लिए 85, जेएसएलपीएस से संबंधित 2, भूमि सुधार के लिए 5, आयुष्मान कार्ड के लिए 26, स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित 100, केसीसी के लिए 11, बाल विकास से संबंधित 8 आवेदन सहित 775 आवेदन लोगों ने जमा किया। 503 लंबित आवेदन पर जांचोपरांत कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को अग्रसारित कर दिया गया है। कार्यक्रम में प्रधान सहायक उपेंद्र कुमार, पंचायत सचिव विश्वनाथ राम, आरियल कच्छप, पेंशन प्रभारी हिमांशु पंडित, सुजीत कुमार गुप्ता, मनरेगा प्रखंड समन्वयक हाशिम अंसारी, पीएम आवास प्रखंड समन्वयक अशर्फी राम, सहायक अभियंता विकास कुमार, कनीय अभियंता उपेंद्र कुमार रवि, प्रिंस कुजूर, रविंद्र मिंज, रोजगार सेवक कुंवर सिंह, प्रभा देवी सहित पंचायत के सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

#### झामुमो सहायता केंद्र ने की आवेदकों की मदद

बड़गड़ में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान झामुमो सहायता केंद्र के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से जुड़े आवेदन जमा करने पहुंचे लोगों को झामुमो कार्यकताओं के द्वारा मदद की गई। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ योग्य लाभूकों को मिलें इस उदेश्य से पंचायत के लोगों को झामुमो सहायता केंद्र के माध्यम से योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही लोगों कि मदद कर उनसे आवेदन जमा कराए गए। सहायता केंद्र पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मिंज कार्यकर्ता नुरूल हक, अयुब हक, संतोष यादव आदि सक्रिय देखे गए।

# सरकार आपके द्वार शिविर में प्राप्त हुए सैकड़ों आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**



प्रखंड की करिवाडीह पंचायत में उत्क्रमित उच्च विद्यालय भलुही के प्रांगण में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीडीओ रविन्द्र कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, प्रमुख आभा रानी, जिला उपप्रमुख देवदत आर्य, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, मुखिया मनसा देवी, बीडीसी विकास कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

बीडीओ ने लोगों को संबोधित करते हुए शिविर में लगे विभिन्न स्टॉलों की जानकारी देते हुए लोगों को आवेदन देकर लाभ लेने की अपील की। प्रमुख आभा रानी ने सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, धोती- लुंगी योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, गोल्डन कार्ड, जॉब कार्ड, कंबल वितरण आदि की जानकारी दी। मुखिया मनसा देवी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। शिविर में प्राप्त आवेदनों की जांच कर लगभग आवेदन की ऑन स्पॉट स्वीकृति दी गई। मौके पर झामुमों नेता हिफाजत अंसारी, बिनोद यादव, बीपीओ कमलेश कुमार, जीपीएस उमेश कुमार, प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार, रवि कुमार, बिजली विभाग से इंदल राम, लेखपाल अशानंदन राम, अंचल निरीक्षण मोजिब खान, कर्मचारी अमरेंद्र कुमार, अजमेरी अंसारी, विनोद पासवान, रोजगार सेवक गुलाब पासवान, समाजसेवी विनोद कुमार सिंह, शर्मा यादव, विजय यादव, नजरे आलम, मनीष मेहता, मोसाफिर साह, सचेत कुमार, सुनील सिंह, अदित्य कुमार, मयंक विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# शिविर में सर्वाधिक 1065 अबुआ आवास के लिए प्राप्त हुए आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**



भवनाथपुर पंचायत के 10 + 2 उच्च विद्यालय के प्रशाल में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, श्री बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह, प्रमुख शोभा देवी,बीडीओ नंदजी राम, सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, मुखिया बेबी देवी, उप मुखिया समलेश राउत ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, श्रम विभाग समेत अन्य विभागों के स्टॉल लगे थे। शिविरों में बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन आये। वहीं मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने जेएसएलपीएस समूह के चार आजीविका महिला सखी मंडल के बीच ऋण वितरण के तौर पर 6 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। वहीं 10 लोगों को पेंशन स्वीकृति पत्र, 5 छात्राओं को साबित्री बाई फुले योजना का लाभ, 5 छात्राओं को साइकिल के लिए 4500 सौ का चेक दिया गया। 40 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस शिविर में 1493 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अबुआ आवास में 1065, जॉब कार्ड 8, मनरेगा 36, पेंशन 105, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 32, सावित्रीबाई फुले के 100 सहित कई आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ तहमीद अंसारी ने किया। मौके पर सीआई विभूति नारायण सिंह, जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नीरज कुमार, जेई श्याम कुमार चौधरी, प्रेमचंद गुप्ता, सुनील तिवारी, पंचायत सचिव भुनेश्वर सिंह, अजीत कुमार सिंह, रोजगार जयराम, परमानंद ठाकुर, विष्णुकांत उरांव, दयानंद प्रजापति, धर्मराज सिंह, शशि कुमार, मनोज गुप्ता, बीटीएम राकेश रजक, अशोक कुमार, रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए 1287 आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**



प्रखंड मुख्यालय पंचायत में प्रखंड कार्यालय परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत पंचायत के मुखिया जाहेरा बीवी, बीडीओ कालिदास मुंडा, प्रमुख सुनैना देवी, बीससूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह आदि ने संयुक्त रूप से की। शिविर में 1287 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अबुआ आवास योजना के लिए 530, केसीसी ऋण के लिए 25, मुख्यमंत्री पशुधन से संबंधित 29, बिजली से संबंधित दो, राशन कार्ड से संबंधित 69, आयुष्मान कार्ड के लिए 30, गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लिए 37, श्रमदान पोर्टल नया पंजीकरण के लिए 11, 15वें वित्त आयोग के लिए तीन, जाति निवास, आय प्रमाण पत्र के लिए 36, मनरेगा एवं अन्य योजना के लिए 236, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 74, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 56, स्वास्थ्य विभाग में 69, जेएसएलपीएस में 17, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर विकास बोर्ड के लिए 8, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए 54 व कल्याण विभाग के लिए एक आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत दो लाभुकों को गैस चूल्हा एवं कनेक्शन वितरण किया गया। वहीं 12 परिवारों को कंबल का वितरण किया गया तथा 6 समूह के बीच 18 लाख रुपये ग्रामीण बैंक के माध्यम से ऋण के रूप में चेक दिया गया। दो धातृ महिला की गोद भराई की गई तथा दो बच्चों को अनपरासन कराए गए। वहीं पांच लोगों के आन द स्पॉट शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई तथा दो बच्चियों के बीच बालिका समृद्धि योजना के तहत स्वीकृत पत्र दिए गए। वहीं कई लोगों को ऑन द स्पॉट जॉब कार्ड बनाए गए। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक शंभू शरण शर्मा, पंचायत सेवक रामनाथ सिंह, जेईई अनिकेश कुमार, सुकेश कुमार, बीपीओ सह ए ई अनुज कुमार, प्रधान नजीर अधिराज टोप्पो, बीडीसी रूपा देवी, अंचल निरीक्षक विनय कुमार गुप्ता, कर्मचारी विनोद कुमार दुबे, पंचायत सेवक नवल किशोर यादव, रोजगार सेवक दिग्विजय दुबे, ऑपरेटर अमित कुमार, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

**कवायद** भाजयुमो ने मंडल सशक्तिकरण कार्यक्रम को लेकर जारी की विस्तारकों की सूची

# अरुण तिवारी बने गढ़वा ग्रामीण के विस्तारक

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने मंडल सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम को लेकर विस्तारकों की सूची जारी की। उन्होंने कहा कि भाजयुमो विस्तारक मंडल में लगातार नौ दिनों तक मंडल सशक्तिकरण अभियान के दौरान युवाओं को जोड़कर संगठन मजबूत करेंगे। इस दौरान मंडल में अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। युवा सम्मेलन, नवमतदाता सम्मेलन लाभुक सम्मेलन सहित अन्य कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मंडल में सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो शक्ति केंद्र स्तर पर युवाओं को जोड़कर टीम गठित किया जाएगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर मुख्य रूप से विस्तारको की घोषणा की। इसमें मुकेश चौबे को धुरकी, रुपेश अग्रवाल को सगमा, रत्नेश ठाकुर को श्री बंशीधर ग्रामीण, हैप्पी प्रताप शाही को श्री बंशीधर नगर मंडल, राजीव रंजन पासवान को भवनाथपुर, जयप्रकाश गुप्ता को खरौंधी, जीतेन्द्र दीक्षित को केतार, रामानुज सिंह को हरिहरपुर, कंचन रवि को विशुनपुरा, अनिमेष चौबे को रमना, अभिमन्यु गुप्ता को डंडई, डॉ लालमोहन को मेराल उत्तरी, लक्ष्मीकांत पांडेय को मेराल दक्षिणी, अरुण तिवारी को गढ़वा ग्रामीण, जयंत पांडेय को गढ़वा नगर मंडल, अविनाश पासवान को गढ़वा गोवावल मंडल, पन्ना सिंह खरवार को चिनिया, सुमेर चौधरी को डंडा, विकास तिवारी को रंका उत्तरी, रीतेश चौबे को रंका दक्षिणी, जीतेन्द्र चौबे को रमकंडा, अनिमेष दुबे को भंडरीया, नवीन जायसवाल को बड़गड़, संजय जायसवाल को मझीआंव नगर मंडल, मझीआंव ग्रामीण शिवम भारद्वाज, रामाशीष तिवारी को बरडीहा, संजय कमलापुरी को कांडी का विस्तारक बनाया गया है। मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, जिला मंत्री संजय जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी नवीन जायसवाल, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री राम उनय तिवारी आदि मौजूद थे।

# उप विकास आयुक्त बोले, रक्तदान सबसे बड़ा दान, इससे बचाई जा सकती है जान

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



शहर के चिनिया रोड स्थित एचडीएफसी बैंक की ओर से शाखा परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डीडीसी राजेश कुमार राय, शाखा प्रबंधक अमित कुमार शुक्ला एरिया हेड तुषार रंजन ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। शिविर में एचडीएफसी बैंक के कर्मियों ने 51 यूनिट रक्त दान किया।

मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। एचडीएफसी बैंक में अपने कार्य को निर्वहन करते हुए सामाजिक क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन कर बहुत बड़ा सामाजिक दायित्व का निर्वाहन किया है। शाखा प्रबंधक अमित कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक वर्ष एचडीएफसी बैंक की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मियों ने आगे बढ़कर रक्तदान करते हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में 51 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य के तहत कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर एचडीएफसी बैंक कर्मियों के द्वारा सामाजिक कार्य किए जाते हैं। मौके पर यूनिट हेड छाया कुमारी संजय कुमार गोपाल आशीष कुमार अंकित कुमार आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### रोड क्रॉस करने के दौरान बस की चपेट में आया दस साल का बच्चा, मौके पर मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह पंचायत के समीप कोने ग्राम में शुक्रवार शाम तकरीबन 3:30 बजे चटकपुर से लातेहार होते हुए महुआडांड़ जा रही बस ने दस साल के एक बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रंजन परहिया, पिता सरोज परहिया के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मृतक अपने घर के पास में ही खेल रहा था और रोड क्रॉस करने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही सुपर बस ने मृतक को अपनी चपेट में ले लिया। इधर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में मौके पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया। परिजनों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### उत्तम कुमार बना विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

**लातेहार।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अभाविप के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड का 24वां प्रांत अधिवेशन 7 दिसंबर 2023 को संपन्न हुआ, जिसमें सत्र 2023-2024 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका के छात्र नेता उत्तम कुमार को पुनः प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया। ज्ञात हो कि उत्तम कुमार मूलतः मनिका का निवासी है। उत्तम 2019 से ही विद्यार्थी परिषद से जुड़ा हुआ है। बधाई देने वालों में नगर अध्यक्ष रंजित रंजन, नगर उपाध्यक्ष गोविंद पासवान व दीपक कुमार, नगर मंत्री सौरभ भारती, सह मंत्री अभिषेक कुमार यादव, कॉलेज अध्यक्ष नीलम कुमारी उपाध्यक्ष चंदन, मंत्री विशाल आदि शामिल हैं।

### महिला ने पति पर लगाया दूसरी शादी कर मारपीट व प्रताड़ित करने का आरोप

**टंडवा।** थाना क्षेत्र के कढ़नी गांव की एक महिला ने अपने पति पर दूसरी शादी कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित महिला आरती देवी ने शुक्रवार को स्थानीय थाने में आवेदन देकर पति राजु तुरी पिता नरेश तुरी के विरुद्ध आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। दिए गये आवेदन में बताया गया है कि उसका पति राजु तुरी दूसरी शादी कर हमेशा मारपीट कर प्रताड़ित करता है। बीती गुरुवार रात्रि को उसके पति ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### होन्हे की महिला दस दिन से है लापता परिजनों ने थाने में दिया आवेदन

**टंडवा।** टंडवा थाना क्षेत्र के होन्हे गांव की महिला बीते दस दिनों से लापता है। इसको लेकर उसके परिजनों ने शुक्रवार को स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आवेदन में बताया गया है कि 27 नवंबर की रात्रि आठ बजे महिला बिन्दिया देवी पति मनोहर यादवसे हुए विवाद के बाद अपने एक वर्ष की दुधमुंही बच्ची के साथ घर से निकल गई, जिसके बाद से वह लापता हैं। आवेदन में आगे बताया गया है कि महिला की शादी 2015 में होन्हे गांव निवासी मनोहर यादव, पिता सरजु यादव के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसके पति व ससुराल वालों द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। आवेदन में परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव को छुपाने का आरोप लगाया है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामला दर्ज कर पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।

### संत जोसेफ +2 विद्यालय का 55वां वार्षिक खेल-कूद महोत्सव संपन्न



**महुआडांड़।** संत जोसेफ+2 विद्यालय में शुक्रवार को 55वां वार्षिक खेल-कूद महोत्सव संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामचंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एसडीओ विपिन कुमार दुबे, सीओ संतोष बैठा, बीडीओ अमरेन डांग और संत जेवियर्स कॉलेज प्राचार्य फा डॉ.एम के जोश, जोशा के तनवीर अहमद, शामिल हुए। क्रीड़ा महोत्सव की शुरूवात में छात्रों ने मनमोहक ड्रिल करके अतिथियों का मन मोह लिया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने 400 मीटर,100 मीटर दौड़,रिले (टोली) दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद एवं गोला-फेंक समेत अन्य प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी।सभी खेलों में शीर्षस्थ स्थान पानेवाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में छात्र के साथ-साथ उनके परिवारों को भी आमंत्रित किया गया था।अपने बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित होता देख उनके माता-पिता बहुत खुश हुए। खेल-कूद की समाप्ति के उपरांत मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथि ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम में चर्च के बड़े फादर सुरेश किडो, कांग्रेस झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि मो इस्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अजीत पाल कुजुर, रामनरेश ठाकुर, प्रखंड कांग्रेस युवा अध्यक्ष अमिर सुहेल, किशोर तिर्की, मो नूरुल अंसारी, राजेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### अतिक्रमण कर बेची जा रही भूमि, प्रशासन को इसकी कोई खबर तक नहीं

# केश्वर आहर की जमीन पर गड़ गई है भूमि माफियाओं की नजर

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

शहर के बीचों-बीच है केश्वर आहर। केश्वर आहर जाने का मुख्य रास्ता शहर के बाइपास चौक व धर्मपुर मोड़ से है। इसके अलावा अन्य एक-दो गलियां भी केश्वर आहर तक जाती हैं। अब इसी केश्वर आहर की जमीन पर भूमि माफियाओं की नजर गड़ गयी है। आहर की भूमि का अतिक्रमण कर भूमि माफिया इसे बेच रहे हैं। उस जमीन पर घर बनाये जा रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासन को इसकी खबर नहीं है।



#### एक एकड़ 88 डिसमिल भूमि में था केश्वर आहर

लातेहार तपाखास में प्लाट नंबर 148 में है केश्वर आहर। इसकी कुल रकबा एक एकड़ 88 डिसमिल है। यह आहर लघु सिंचाई विभाग के अधीन है। विभाग के द्वारा आठ-दस साल पहले इस आहर का सुदंरीकरण कराया गया था। आहर की गहराई बढ़ाई गयी थी और केश्वर आहर की भिंड पर बने पीसीसी सड़क के किनारे पाइप लगाया गया था। हालांकि बाद में आहर का पानी कम होने लगा और आहर सूखने लगा। इसी के बाद भूमि-माफियाओं की नजर इस पर पड़ी। केश्वर आहर की भूमि की बाकायदा प्लाटिंग कर बेची जा रही है। आहर के अंतिम छोर पर मकान तक बना दिये गये हैं। अन्य मकान यहां बनने की प्रक्रिया में हैं।

#### उपायुक्त से अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

इसी साल नवंबर के महीने में स्थानीय लोगों ने लातेहार के उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा था। पेश किए गए आवेदन में केश्वर आहर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गयी थी। कहा गया था कि विभिन्न अदालतों ने जल स्त्रोत व तालाब आदि को अतिक्रमण मुक्त रखने का आदेश दिया है। बावजूद इसके केश्वर आहर की भूमि पर धड़ल्ले से अतिक्रमण किया जा रहा है। केश्वर आहर के पूर्वी क्षेत्र में अतिक्रमण कर शौचालय की टंकी का निर्माण कराया गया है। नहर की चौड़ाई को कम कर जल निकास को बाधित कर दिया गया है। इसके ठीक पहले एक पक्का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

#### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में पूछे जाने पर नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन ने कहा कि इस संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है। उन्होंने इसकी जांच कराने के लिए अंचलाधिकारी से पत्राचार किया है। अगर वहां अतिक्रमण किया गया है तो उसे हटाया जायेगा।

## बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था युवक, कट्टा के साथ धरा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



पुलिस ने बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटे युवक को चतरा शहर के अव्वल मुहल्ला स्थित काली मंदिर के पास कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक जटाधारी यादव उर्फ मोदी उर्फ रोहित जोरी थाना क्षेत्र के घंघरी गांव का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने 20 राउंड गोली और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। उक्त जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने सदर थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ हथियारबंद अपराधी अव्वल मोहल्ला के पास शादी समारोह में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रज्जा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोहर करमाली, सहायक अवर निरीक्षक निर्मल कुमार सिंह, सच्चिदानंद सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक विकास पासवान व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है। घटना में और लोगों को शामिल होने का मामला सामने आ रहा है, जिसकी जांच की जा रही है।

## नदी से अवैध बालू उठाव में लगे तीन ट्रैक्टरों को किया गया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के हजारीबाग सीमा को विभाजित करने वाले बड़ाकर नदी से अवैध बालू खनन में जुटे बालू तस्करों के विरुद्ध स्थानीय प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। अंचलाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा व थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह के संयुक्त नेतृत्व में मिचलौंग तूफान के बाद गौरक्षणी बालू घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन ट्रैक्टर को अवैध बालू खनन में जब्त किया गाय। लगभग एक सप्ताह पूर्व भी सोकी घाट से दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गाय था। लेकिन निर्धारित समय के अंदर प्रशासनिक स्तर से मुकदमा से संबंधित कार्रवाई नहीं देख पुनः धड़ले से बालू उत्खनन शुरू किया गया। बालू माफिया नदी किनारे कई घाटों का अवैध संचालन रात तो रात दिन में भी प्रशासन के सामने धड़ले से उठाव कर रहे हैं। प्रशासन के सामने बालू तस्कर पेटादरी घाट की ऊंच गुणवत्ता वाली बालू को अधिक मुनाफा कमाने के लिए दूसरे जिला में भेजते हैं। प्रत्येक दिन लगभग 100 से110 ट्रैक्टर बालू का उठाव कर चौपारण के रास्ते हजारीबाग समेत अन्य क्षेत्रों में मनमाने दाम पर बेचकर मुनाफा कमाया जाता है। स्थानीय ग्रामीण नदी की सुरक्षा को लेकर प्रशासन से गुहार लगाते आ रहे हैं।



## छिपादोहर वन विभाग ने छापामारी कर अवैध लकड़ी को किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के पीटीआर के छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र के जंगलों से वन विभाग ने कीमती लकड़ी बरामद की है। अवैध लकड़ी की तस्करी की सूचना पर वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर प्रभारी वनपाल नवीन कुमार के नेतृत्व में गुरुवार शाम अमवाटीकर बिट के ओपाग जंगल से तस्कर द्वारा जंगलसे कटाई कर ले जा रहे सखुआ के चार चोपाल एवं एवं चार पटरा बरामद किया गया। मौके से लकड़ी ढोने वाली एक साइकिल भी जब्त की है, जबकि लकड़ी तस्कर भागने में कामयाब रहा। अभियान में प्रभारी वनपाल नंदलाल साहू उमेश उरांव, संजय टोप्पो, राहुल कुमार दास, सत्यनारायण उरांव, अमित प्रसाद ,अमर कुमार बड़ाइक, बैजनाथ रविदास भी शामिल थे।



## सरकार आपके द्वार शिविर में लाभान्वित हुए लाभुक





**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

महुआडांड प्रखंड की हामी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनिका विधायक राम चंद्र सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी, महुआडांड, मुखिया, एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में 60 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल यूनिफॉर्म, 44 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल के लिए स्वीकृति पत्र, 10 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, 10 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी-लुंगी, 10 जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग अलग स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सोना सबरन धोती - साड़ी योजना आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी।

#### मोरवाई पंचायत में लगा सरकार आपके द्वार शिविर

**बरवाडीह।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुक्रवार को प्रखंड की मोरवाई पंचायत में किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, वरीय झामुमो नेता सह 20सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी, मुखिया आशीष सिंह, पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार ने किया। शिविर में अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों की सबसे अधिक भीड़ देखी गई। लाभुकों के बीच प्रमाणपत्र, धोती-साड़ी, कंबल आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अमीन सिंह, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रेम सिंह, हेड मास्टर विश्वनाथ राम, अंचल निरीक्षक सुरेश राम, राम नाथ राम, विशुनदेव सिंह, सुरेश सिंह, दीपक सिंह, विजेंदर पासवान, केदार बोदरा, फ्रांसिस गुड़िया, मरियम टोप्पो, राकेश सोनी, उपेंद्र सोनी, अनिल साव, उपेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।



#### चंदवा पश्चिमी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**चंदवा।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चंदवा पश्चिमी पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन लातेहार एलआरडीसी उदय कुमार, बीडीओ विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, मुखिया संगीता लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र, कंबल, धोती-साड़ी, रोजगार गारंटी कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पत्र का वितरण किया गया। कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर मुखिया संगीता लकड़ा, सुजीत कुमार, आवास कोआर्डिनेटर कुशध्वज कुमार, प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार आदि मौजूद थे।

## नसीम बने कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति अल्पसंख्यक विभाग द्वारा प्रखंड के पोखरी निवासी नसीम अंसारी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस संबंध में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय संयोजक सह झारखंड प्रभारी उमर खान द्वारा हस्ताक्षर युक्त मनोनयन पत्र में कांग्रेस सांसद सह एआईसीसी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा झारखंड अल्पसंख्यक विभाग द्वारा झारखंड प्रदेश के कई जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसमें लातेहार जिला से प्रखंड 20सूत्री सदस्य नसीम अंसारी को लातेहार जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिलाअध्यक्ष मनोनीत किया गया। अंसारी को कांग्रेस जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर प्रखंड के कई लोगों ने नसीम अंसारी को बधाई दी है, जिनमें कांग्रेसी कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, प्रदेश कांग्रेस का समिति सदस्य रविंद्र राम, एसीएसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र पासवान, विधायक प्रतिनिधि प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, युवा कांग्रेस कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, मोहम्मद सईद अंसारी, हेसमूल अंसारी गुड्डु, दिलावर अंसारी, शिवानंद तिवारी, हिमांशु गुप्ता, बिपिन बिहारी सिंह, मनोज मांझी, अजीत गुप्ता, शमशुल अंसारी, जीबोध सिंह, अवधेश मेहरा, लक्ष्मण सिंह, सुजीत गुप्ता समेत प्रखंड के कई कांग्रेसी शामिल है।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 07/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।

दिनांक–08.12.2023

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आइडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /21/2023 | जगतरपुरवा बेदानी आर0सी0डी0 रोड जीतु मांझी के पम्प से जगत महतो (ओरिया सेवई) तक पथ निर्माण कार्य। (0.80कि0मी0) | 99.446 लाख | निनांबे लाख चौवालीस हजार छः सौ रू0 मात्र | 6 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/ DALTONGANJ /22/23-24 | डी0एल0पी0 पथ (प्रखण्ड कार्यालय) से कुटी घर तक पथ निर्माण । (0.55कि0मी0) | 72.909 लाख | बहत्तर लाख नब्बे हजार नौ सौ रू0 मात्र | 6 माह | प्रथम |
| 3 | EE/RWD/ DALTONGANJ /23/23-24 | ग्राम मुरमुसी में डी0एल0पी0 पथ से जैप–08 कैम्प मंदिर के पास आर0सी0डी0 रोड तक पथ निर्माण कार्य। (0.75कि0मी0) | 62.652 लाख | बासठ लाख पैंसठ हजार दो सौ रू0 मात्र | 6 माह | प्रथम |
| 4 | EE/RWD/ DALTONGANJ /24/23-24 | ग्राम मुन्दरिया में डी0एल0पी0 पथ बिरजू यादव के घर से सीताराम यादव के घर होते हुए पछियारी टोला बेला खाड़ी नदी तक पथ निर्माण । (1.20कि0मी0) | 98.014 लाख | अंठान्बे लाख एक हजार चार सौ रू0 मात्र | 6 माह | प्रथम |
| 5 | EE/RWD/ DALTONGANJ /25/23-24 | ग्राम उड़हुलिया में डी0एल0पी0 पथ स्कूल होते हुए बालकेश सिंह चेरो के घर तक पथ निर्माण कार्य। (1.00कि0मी0) | 98.746 लाख | अंठान्बे लाख चौहतर हजार छः सौ रू0 मात्र | 6 माह | प्रथम |
| 6 | EE/RWD/ DALTONGANJ /26/23-24 | धुबडीहा मुख्य पथ से परमेश्वर साव के घर होते हुए लालीमाटी तीनमुहान तक पथ निर्माण कार्य। (1.00कि0मी0) | 98.129 लाख | अंठान्बे लाख बारह हजार नौ सौ रू0 मात्र | 6 माह | प्रथम |
| 7 | EE/RWD/ DALTONGANJ /27/23-24 | डंडार कला खादरटांड़ पथ तेतराई मेन रोड से अशोक सिंह के घर तक पथ निर्माण। (1.05कि0मी0) | 91.751 लाख | एकान्बे लाख पच्चहतर हजार एक सौ रू0 मात्र | 6 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 14.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 27.12.2023 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 29.12.2023 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
डालटनगंज।

PR 313019 (Rural Development) 23-24 (D)

**पहल** उपायुक्त ने किया टंडवा का दौरा, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल

# अबुआ आवास, जॉब कार्ड के स्टालों पर उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

उपायुक्त अबु इमरान शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इमरान प्रखंड के कोयद पंचायत सचिव परिसर में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम सह शिविर में शामिल हुए।

शिविर का शुभारंभ उपायुक्त, एसडीओ सुधीर दास, बीडीओ देवलाल उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष नीरज तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गाय। वहीं कार्यक्रम के तहत लगाये गये विभागवार स्टॉलों का निरीक्षण कर उपायुक्त ने संबंधितों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर में अबुआ आवास योजना व जॉब कार्ड बनाने के लिए लगे स्टॉलों में ग्रामीणों की सर्वाधिक भीड़ लगी। कुल 1156 आवेदनों जमा किए गए, जिनमें अबुआ आवास के लिए 711, स्वास्थ्य एवं पोषण 195, पोशाक वितरण 88, कंबल वितरण 23, धोती-साड़ी वितरण 55 के मामले शामिल हैं, जबकि मनरेगा, भूमि सुधार, वन, आजीविका, ई-श्रम, ऊर्जा, मत्स्य, बैंक, किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित एक भी आवेदन ग्रामीणों ने नहीं दिया। उपायुक्त ने सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ जरुरतमंदों से उठाने की बात कही। मौके पर मुखिया किसुन राम, प्रधान लिपिक सीताराम दास, बीपीओ सुबोध पासवान, अभिषेक कुमार, पंकज ठाकुर, उमेश प्रसाद समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल थे।



## गागर में सागर

### श्रिया उरांव को मिला बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के उगरा पंचायत स्थित मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में उगरा ग्राम निवासी श्रिया देवी को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। चंपा उरांव ने बताया कि सिंचाई के लिये कुआं नहीं था जिसके कारण आस-पास के किसानों के कुएं से पानी लाना पड़ता था। साथ पानी की आवश्यकता पूरी नहीं हो पाती थी। अब कुआं मिल गया है तो जल्दी इसका निर्माण कार्य पूरा करा कर अपने कृषि कार्य को नई दिशा दूंगी। श्रिया ने इस योजना का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद दिया।

### सुमित्रा उरांव को मिला बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ



**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड के उगरा पंचायत मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उगरा की निवासी सुमित्रा उरांव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि अपनी जमीन में सब्जी की खेती कर रही हैं जिसके लिए खेत में सिंचाई के लिए पानी की बहुत समस्या होती है। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत अब सिंचाई कूप मिल गया है तो इसके निर्माण के बाद सिंचाई की समस्या खत्म हो जाएगी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिए जाने पर सुमित्रा उरांव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

### गणेश उरांव को मिला बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ



**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड के उगरा पंचायत स्थित मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उगरा निवासी गणेश उरांव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि अपने खेत में सिंचाई के लिए बहुत दिक्कत होती थी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत अब सिंचाई कूप मिल गया है तो कुआं निर्माण के बाद सिंचाई की समस्या दूर हो जाएगी। सिंचाई के अभाव में उत्पादन पर बहुत पड़ता था जो अब दूर हो जाएगा। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

### मूल्य से 50 रुपये कम पर अंग्रजी शराब नहीं देने पर हंगामा, फायरिंग

**मझिआंव।** मझिआंव मुख्य पथ पर पुराने अस्पताल के समीप स्थित सरकारी अंग्रेजी दुकान पर गुरुवार को रात्रि 08.30 बजे शराब लेने के दौरान बाजार निवासी पिंकू सोनी पर हंगामा करने एवं फायरिंग करने का आरोप लगया गया है। इस संबंध में सेल्समैन पंकज कुमार सिंह एवं राणा रंजन सिंह ने थाना को आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थाना को आवेदन पत्र देने के बाद पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पिंकू सोनी मूल्य से 50 रुपये कम पर शराब मांग रहा था, तो मैंने कहा कि हम कमदाम पर शराब नहीं देंगे। अगर कम पर लेना चाहते हैं तो राणा सिंह के आने पर ले लीजियेगा। इस पर इसके बाद पिंकू सोनी उखड़ गया और सबको चिल्ला चिल्लाकर गंदी-गंदी गाली देने लगा। पिस्टल निकाल ली और एक हवाई फायर कर दी। गाली देते हुए वहां से चला गया। इसके बाद जब एक शादी समारोह से राणा रंजन सिंह रात दस बजे आये तो उन्हें इस घटनाक्रम के बारे में बताया गया। इसके बाद वे पिंकू सोनी के घर पूछताछ करने गए। लेकिन आवाज देते ही पिंकू सोनी ने गाली देते हुए राणा सिंह को मार देने की धमकी देते हुए घर के अंदर से ही एक गोली चला दी। इसके बाद वे भयवश वहां से भाग गए और सीधे थाना गये तथा थाना प्रभारी को घटना की सूचना दी और लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई। पंकज सिंह ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर में पुलिस जांच करने घटनास्थल आई थी और दुकान के बगल में उन्हें खाली खोखा दिखाया गया तो वे केवल उसका फोटो खींचकर ले गए। अभी भी वह खाली पड़ा खोखा दुकान में रखा हुआ है। सेल्समैन ने कहा कि अगर रात में ही पुलिस फायरिंग स्थल या उसके घर पर जांच करने जाती तो संभवतः पिस्टल भी बरामद हो गया होता। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित ने बताया कि शराब दुकानदार एवं पिंकू सोनी में केवल गरमा गरम वाद विवाद, धमका धमकी हुई है। कही पर कोई फायरिंग की घटना नहीं हुई है।

## यूट्यूब पर वीडियो देखकर प्रभावित हुई थी संगीता, कम लागत पर अधिक मुनाफा कमाने का तरीका अपनाया

# ड्रैगन फ्रूट ने बदल दी संगीता की किस्मत, हो रही तगड़ी कमाई

## ड्रैगन फ्रूट की खेती में एक बार लगाइए पौधा, 25 वर्षों तक देता रहेगा फल





**राहुल कौशल। लोहरदगा**

इन दिनों लोहरदगा में पारंपरिक फसलों की खेती के अलावे कुछ नई फसल की खेती करने की सोच किसानों की है। किसान पीजी पढ़ने के बावजूद खेती में अपना भाग्य आजमाते देखे जा रहे हैं। यहां के किसान कुछ नई फसलों की खेती करने के लिए जाने जा रहे हैं। ड्रैगन फ्रूट की खेती लोहरदगा के किसानों की तकदीर बदल रही है। गांव के किसान धान, गेहूं, चना आदि की परंपरागत खेती से हटकर ड्रैगन फ्रूट की खेती कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं जिले के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत तोड़ार सेरेंगहातु सरनाटोली गांव निवासी संगीता लकड़ा की। वो पीजी तक की पढ़ाई की हुई है और आगे की तैयारी कर रही है। पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए वो यूट्यूब पर खेती करने के नए-नए तरीके से संबंधित वीडियो देखा। इस क्रम में ड्रैगन फ्रूट की खेती करने की सोच उन्हें अच्छी लगी। कुछ नया करने की सोच थी, जिसमें पढ़ाई के साथ पार्टटाइम कार्य कर सके। कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने की सोच को लेकर उन्होंने ड्रैगन फ्रूट की खेती करने का निश्चय किया। इस कार्य में उनकी मदद उद्यान विभाग ने की। उन्होंने उद्यान विभाग से संपर्क कर खेती की इच्छा जताई। विभाग ने उन्हें मदद की। संगीता ने 80 से 90 हजार रुपये लगाकर काम शुरू किया है। उन्होंने एक एकड़ भूमि पर ड्रैगन फ्रूट की खेती की है, जिसमें उन्हें विभाग की ओर से सब्सिडी भी मिली है। संगीता बताती है कि वो अबतक तीन बार फसल की तुड़ाई कर चुकी है, जिससे अबतक 30 से 35 हजार रुपये कमाई कर चुकी है। संगीता ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट की खेती करने के लिए खेत में तय दूरी पर छोटे-छोटे खंभे लगाए जाते हैं इन पर अंगुर की खेती की तरह ही ड्रैगन फ्रूट के पौधे लगाये जाते हैं और 1 पोल पर ड्रैगन फ्रूट के 4 पौधे लगाये जाते हैं। इसके पौधो में फूल आने के बाद करीब 40 दिन में फल तैयार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि बाजार में यह एक पीस लगभग 140 से 160 में बिकती है, जबकि थोक विक्रेता में 110 रुपये के आसपास रहती है। दरअसल, ड्रैगन फ्रूट एक तरह का फल होता है जो दिखने में बिल्कुल अलग होता है। यह खाने में थोड़ा कुरकुरा व मीठा होता है। यह फल देखने को आग उगलने वाले ड्रैगन के जैसा दिखता है इसलिए इसका नाम ड्रैगन फ्रूट रखा गया है।

### 50 प्रतिशत अनुदान का है प्रावधान, खेती के हैं विभिन्न लाभ : डीएचओ

जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर खेती के लिए उपादान के रूप में पौधा उपलब्ध कराया जाता है। लाभुक अपने अंशदान से खेती करके जीविकोपार्जन का कार्य करते हैं। 96 हजार प्रति हेक्टेयर सब्सिडी है। 12 से 13 महीने में यह फसल तैयार होता है। एक बार पौधा लगाने के बाद दूसरी बार पौधा खरीदने की जरूरत नहीं होती है। पौधे से ही पौधा बन जाता है। यह एक कैक्टस प्रजाति का पौधा है। इसके लिए कम पानी की जरूरत होती है। खास बात यह है कि एक बार इसका पौधा लगाने पर वह 25 सालों तक फसल देता है।

**कई बीमारियों का रामबाण इलाज है ड्रैगन फ्रूट :** ड्रैगन फ्रूट हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह कई बीमारियों के लिए रामबाण है। डेंगू से लेकर अन्य बीमारियों तक में लोग इसे खूब खाते हैं और इसे खाने से हमारे शरीर को मिनरल्स भी मिलते हैं। यह शुगर बीमारी के लिए रामबाण दवा है। इस खेती के विभिन्न लाभ हैं। ड्रैगन फ्रूट में डाइट्री फाइबर है, विटामिन सी, आयरन, कैल्सियम आदि पोषक तत्वों का मिश्रण है। मालूम हो कि ड्रैगन फ्रूट मूल रूप से अमेरिका का फल है।

# जन आरोग्य योजना के लाभुकों को प्रदान किया आयुष्मान कार्ड

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें ग्रामीण : पलटू महतो

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शुक्रवार को सेन्हा प्रखंड की उगरा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में तेंगरिया गांव की जसमंती देवी और इचरी गांव की रीना उरांव को जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया गया। दोनों लाभुकों को ऑन द स्टॉप ही रजिस्ट्रेशन उपरांत आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने कहा कि सरकार द्वारा अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। विधवा, वृद्धा, सर्वजन पेंशन योजना, अबुवा आवास योजना, पशुधन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, फूलों झानो योजना आदि का लाभ सभी जरूरतमंद व्यक्ति लें और आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें। वहीं जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठायें और स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें। राज्य की जनता के विकास के लिये सरकार द्वारा विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सभी विभागों का अलग अलग स्टॉल लगे हुए हैं। आप सभी जनता को जो भी चीज की आवश्यकता है उसके लिये आवेदन प्रपत्र भर कर संबंधित विभाग के पदाधिकारी के पास आवेदन जमा कर दें, जिस पर त्वरित करवाई करते हुए लाभ दिलाया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान लगभग 30 लाख रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। साथ ही छात्र-छात्रओं को साइकिल खरीदने के लिये 4500 रुपये का चेक प्रदान किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उरांव, पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातुन, पंचायत सचिव सुजीत उरांव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निलेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, सगीर अंसारी आदि मौजूद थे। जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा कार्यक्रम में जन आरोग्य योजना (आयुष्मान कार्ड) की जानकारी दी गई। पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिनके पास राशन कार्ड है वे अपना निबंधन आयुष्मान कार्ड के लिए अवश्य करायें। इसके पांच लाख रुपये तक का इंलाज योजना के अंतर्गत निबंधित अस्पतालों में निःशुल्क किया जाएगा।

# जोगेंद्र, नेसार को मिला कूप संवर्धन योजना का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**





सेन्हा प्रखण्ड के उगरा पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में उगरा निवासी जोगेंद्र उरांव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। जोगेंद्र ने इस योजना का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने यह बहुत बढिया योजना लायी है जिससे किसान वर्ग को बहुत फायदा हो रहा है। मैंने सुना कि दूसरे प्रखंडों में आयोजित शिविरों में मेरे किसान भाई लाभ उठा रहे हैं। आवेदनों का निपटारा किया जा रहा है। मैंने भी आवेदन दिया तो आवेदन स्वीकृत हो गया। सिंचाई का साधन नहीं होने के कारण दूसरों के कुआं से सिंचाई के लिए पानी लेना पड़ता था। अब यह समस्या दूर हो जाएगी।

वहीं उगरा पंचायत के उगरा गांव के ही निवासी नेसार अंसारी को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिया गया। नेसार ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में कुआं के लिए आवेदन प्रखंड कार्यालय में जमा किया था जिसका आज निष्पादन करते हुए कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिया गया। सरकार ने उनके आवेदन पर त्वरित निर्णय लेते हुए इस योजना का लाभ दिया, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद दिया।

# खेत में गया था गन्ना चोरी करने, किसान ने देखा तो टांगी से मारकर कर दिया गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



खेत में गन्ना चोरी कर रहे युवक पर खेत के मालिक किसान ने टांगी से वार हमला कर घायल कर दिया। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार को सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। घायल युवक घाघरा थाना क्षेत्र के सिलीकॉट गांव निवासी शिव सिंह(28), पिता तपेश्वर सिंह भंडरा नवडीहा चौक में रहकर अपना काम किया करता था। शिव सिंह पूसो थाना क्षेत्र के बुची टोली गांव के पास खेत में लगे गन्ना को तोड़ रहा था। किसान गौरीशंकर उरांव ग्राम बुचीटोली थाना पुसो ने गन्ना तोड़ते हुए देख लिया और टांगी से मार कर घायल कर दिया। इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल पूसो थाना क्षेत्र में पड़ता है। इसलिए इसकी प्राथमिकी पुसो थाना में होगी। घायल को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।


जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा
सदर अस्पताल परिसर, गढ़वा

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

**राज्य योजना अंतर्गत गढ़वा जिला के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु "चलन्त ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक का चयन करने के लिए Walk In Interview हेतु विज्ञापन**

विज्ञापन संख्याः– 02/2023 साक्षात्कार की तिथि 19.12.23

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, गढ़वा के पत्रांक – 5/पी0–16/2023–33 (5)ब, योजना, स्वा0, गढ़वा दिनांक–25.05.2023 के द्वारा राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथामिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निमित "**चलंत ग्राम क्लिनिक**" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की **Walk In Interview** के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएं प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर आयुष चिकित्सकों तथा चिकित्सा सहायकों का चयन किया जाना है।

**चलंत ग्राम क्लिनिक**" गढ़वा जिला के लिए आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक अर्हता, मानदेय एवं अन्य विवरण निम्नांकित है :–

| क संं0 | पद का नाम | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता | कोटिवार पदों की संख्या | | मानदेय | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कोटि | संख्या | | |
| 1 | आयुष चिकित्सक | Bachelor in Ayurved / Homoeopath / Unani with Working knowledge of Computer | UR | 15 | रू 21000/– (कुल 26 कार्य दिवस) | 09:00 AM to 06:00 PM |
| | | | SC | 08 | | |
| | | | ST | 05 | | |
| | | | BC-01 | 03 | | |
| | | | BC-02 | 02 | | |
| | | | EWS | 03 | | |
| | | | **Total** | **36** | | |
| 2 | चिकित्सा सहायक | B.sc Nursing / GNM or B.sc Community Health or Bachelor/ Diploma in Pharmacy from recognized University /Institution. | UR | 15 | रू 15000/– (कुल 26 कार्य दिवस) | 09:00 AM to 06:00 PM |
| | | | SC | 08 | | |
| | | | ST | 05 | | |
| | | | BC-01 | 03 | | |
| | | | BC-02 | 02 | | |
| | | | EWS | 03 | | |
| | | | **Total** | **36** | | |
| 3 | चयनित आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | | | | |
| 4 | **Walk In Interview** में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा। | | | | | |
| 5 | "**चलंत ग्राम क्लीनिक**" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के द्वारा मिलकर स्वयं व्यवस्था की जाएगी। जिसके लिए 5000 (पांच हजार) रूपया प्रतिमाह देय होगा। | | | | | |
| 6 | **इस कार्यालय के पत्रांक 1045 दिनांक 27.06.23 द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन एवं आयोजित साक्षात्कार को स्वच्छ आरक्षण रोस्टर निर्गत नहीं होने के कारण रद्द किया जाता है।** | | | | | |

**नोट :– "चलन्त ग्राम क्लिनिक" के लिए चयन आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा किया जाने वाला कार्य :–**

1. रष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत "चलन्त ग्राम क्लीनिक" में स्वास्थ्य कार्यकमों का कियान्वयन सुनिश्चित करना।
2. निर्धारित समयावधि में ओ0पी0डी0 का संचालन
3. प्रसव पूर्व तथा प्रसवोत्तर देखभाल
4. ऐनिमिया और अन्य गैर संचारी रोग अंतर्गत उच्च रक्तचाप, मधुमेह की जांच।
5. टी0बी0 एवं मलेरिया का पता लगाने के लिए बलगम एवं रक्त–पट्ट संग्रह।
6. अन्य सरकारी/गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना।
7. विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यकमों / योजनाओं का प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना
8. समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देशित कार्यो का निश्पादन

उक्त आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के चयन करने हेतु अन्य शर्त्तें, अहर्ता, आवेदन–पत्र इत्यादि का विवरण गढ़वा जिला के बेवसाईट www.garhwa.nic.in अथवा जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के कार्यालय के सूचना–पट्ट से उपलब्ध की जा सकती है।

इच्छुक अभ्यर्थी, आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के पद पर चयन के लिए सिविल सर्जन कार्यालय गढ़वा में दिनांक 19.12.23 को पूर्वाहन 11 बजे सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य वांछित मूल प्रमाण–पत्रों एवं छायाप्रति (01) के साथ **Walk In Interview** हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, DHS गढ़वा

PR 312995 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D


## पहल उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक

# मृतक के आश्रित को मुआवजा देने का दिया निर्देश


**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें लोहरदगा जिला में पानी मे डूबने से मृत 10 व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान की अनुशंसा को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गयी। इसी प्रकार सड़क दुर्घटना से मृत 04 व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति दी गयी।

अतिवृष्टि से आंशिक/पूर्ण मकान क्षति के 25 लाभुकों को मुआवजा हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। वज्रपात से मृत 02 व्यक्तियों और 10 पशुओं के आश्रितों को मुआवजा हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। अग्निकाण्ड के आश्रितों को भुगतान के मामलों में सत्यापन का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त वन एवं पर्यावरण विषय पर आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, डीएसपी मुख्यालय प्रमेश्वर प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### अंचलाधिकारी ने की वन अधिकार समिति के अध्यक्षों व सचिवों के साथ बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा** प्रखंड मुख्यालय स्थित अचल कार्यालय में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में जंगल से जुड़े गांव के वन अधिकार समिति के अध्यक्ष, सचिव के साथ बैठक आयोजित की गई। सीओ राकेश कुमार तिवारी ने अंचल क्षेत्र के सभी गांवों की वन अधिकार समितियों के अध्यक्षों, सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी अपने गांव में जो भी व्यक्ति 2005 से पूर्व जंगल में कब्जा कर किसी प्रकार की खेती बारी कर रहे हैं, घर या झोपड़ी बना कर उस पार आश्रित हैं, उन्हें चिन्हित कर व्यक्तिगत दावा करने के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें दावा पत्र भरने में सहयोग करें। साथ ही कहा कि प्रखंड सह अंचल क्षेत्र में प्रदान संस्था पहले से ही इसको लेकर काम करा रही है, जिससे आप सभी लोग सहयोग ले सकते हैं। साथ ही अध्यक्ष व सचिव को वन अधिकार दावा प्रपत्र जल्द प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदान संस्था के जिला कोआर्डिनेटर सोनू खान, प्रखंड वनसाथी गोपाल उरांव के अलावे रामप्रकाश तिग्गा, नेजावत अंसारी, दिपेश्वर भगत, देवठान उरांव, जयमांगल उरांव, करमी देवी, जलेश्वर उरांव, इग्नासुश टोपो आदि उपस्थित थे।

## उदय किसी का भी अचानक नहीं होता, सूर्य भी धीरे-धीरे निकलता है, व ऊपर उठता है : अज्ञात

# भ्रष्टाचार बना शिष्टाचार

**आज** भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है। एक प्रकार से कहा जा सकता है कि इसे एक मंच मिल गया है। इसकी कोख में सब जायज है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू कि तीन राज्यों में आयकर विभाग की टीम ने अकूत सम्पत्ति जब्त की है। ऐसे में सवाल उठता है कि कौन हैं धीरज प्रसाद साहू, जिनके ठिकानों पर मिला कुबेर का खजाना, दौलत देख आपकी आंखें भी चौंधिया न जाएं तो कहियेगा। अब तक 200 करोड़ रुपये से अधिक की गिनती हो चुकी हैं। लेकिन गिनती पूरी होने में समय लगेगा। कैश का सही-सही आंकड़ा गिनती पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। 40 वर्षों से देसी शराब के कारोबार में साहू परिवार संलिप्त हैं। इनके रिश्तेदारों के नाम ओडिशा में शराब का बड़ा कारोबार है। बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज मूल रूप से झारखंड के लोहरदगा जिले की है। छापेमारी के बाद आयकर विभाग ने कंपनी के कई खातों को फ्रीज कर दिया है। आयकर विभाग की ओर से आय का स्त्रोत और इतनी बड़ी संख्या में कैश जमा करने से संबंधित जानकारी कंपनी संचालकों से मांगी जायेगी। यह भी चर्चा है कि इतनी बड़ी रकम को देखते हुए मामले की जांच में ईडी की भी एंट्री हो सकती है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस भ्रष्टाचार की गंगोत्री में कौन -कौन दागदार हैं। यह बीमारी झारखंड ही नहीं पूरे देश में फैली हुई है। समय रहते अगर इसका शल्य चिकित्सा नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में इसकी भयानक बानगी देखने को मिलेगी। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। एक तरफ देखा जाये तो झारखंड की अधिसंख्य आबादी घोर उपेक्षा और गरीबी की जिन्दगी जीने को विवश है,वहीं दूसरी तरफ धन रखने की जगह नहीं है। दूसरी तरफ अगर दुर्भाग्य से कोई भ्रष्ट व्यक्ति रंगे हाथ पकड़ा जाता है तो पूरा तंत्र मिल कर उसकी रक्षा करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति इससे पहले कभी नहीं देखी गयी। वर्तमान समय में सरकारी अधिकारी,नेता,ठेकेदार इस गंगोत्री में आकंड डूबे हैं। भ्रष्टाचार एक प्रकार की बेईमानी या अपराध है जो किसी व्यक्ति या संगठन द्वारा किया जाता है। जिसे अधिकार के पद पर सौंपा जाता है,ताकि किसी के व्यक्तिगत लाभ के लिए अवैध लाभ या शक्ति का दुरूपयोग किया जा सके। हालांकि इसे रोकने के लिए कड़े कानून का प्रावधान है। लेकिन दुर्भाग्य भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का सख्ती से पालन नहीं होता है। जिस कारण भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। आज सभी जगहों पर घोटाले की बाढ़ आयी है। ऐसे में ईमानदार आदमी को अनेकों प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। थक हार कर इस व्यवस्था में ईमानदार आदमी भी भ्रष्ट हो रहा है। यह एक सामाजिक गिरावट है। इसे रोकने की दिशा में हो रहे प्रयास निराशाजनक हैं। सरकार भी संवेदनशील नहीं है। इस स्थिति में इसे रोकने के लिए आदर्श नैतिकता की पढ़ाई जरूरी है। यह सरकार के प्रयास से नहीं रूक सकता है। कारण सभी हमाम में नंगे हैं। इसलिए संस्कार और संस्कृति को बढ़ावा देकर इस पर काबू पाने का प्रयास किया जा सकता है। बहरहाल भ्रष्टाचार के शिष्टाचार आकाश का रंग घने कोहरे से ढका हुआ है। बस जरूरत है इसके आवरण की पड़ताल की जाये। यह वर्तमान समय की मांग भी है।

**40 वर्षों से देसी शराब के कारोबार में साहू परिवार संलिप्त हैं। इनके रिश्तेदारों के नाम ओडिशा में शराब का बड़ा कारोबार है। बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज मूल रूप से झारखंड के लोहरदगा जिले की है। छापेमारी के बाद आयकर विभाग ने कंपनी के कई खातों को फ्रीज कर दिया है। आयकर विभाग की ओर से आय का स्त्रोत और इतनी बड़ी संख्या में कैश जमा करने से संबंधित जानकारी कंपनी संचालकों से मांगी जायेगी। यह भी चर्चा है कि इतनी बड़ी रकम को देखते हुए मामले की जांच में ईडी की भी एंट्री हो सकती है।**

### इन दिनों

# वैदिक अनुसंधान की आधुनिक प्रेरणा




डॉ. दिलीप अग्निहोत्री



**भारत** जब विश्वगुरु था, तब दुनिया में मानवीय सभ्यता का विकास नहीं हुआ था। लोग भारत में आकर ज्ञान प्राप्त करते थे। वर्तमान सरकार ने इस गौरव को शिक्षा नीति में स्थान दिया। इसके अनुरूप शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे आत्मसात किया। अब राज्य में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक में व्यापक सुधार देखने को मिल रहे हैं। यही कारण है कि विदेशी अखबारों ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था के विषय में लिखा कि उत्तर प्रदेश की शिक्षा में क्रांतिकारी सुधार हो रहा है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का संदेश विद्यार्थियों को नई प्रेरणा देने वाला है। वह भारत की गौरवशाली विरासत पर गर्व करती हैं। वह कहती हैं कि ज्ञान और अनुसंधान के आधार पर ही भारत विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित था। नई शिक्षा नीति के माध्यम से भारत को फिर विश्व गुरु बनाना संभव होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल का संबोधन ऐतिहासिक रहा। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से ही हमारे अनुसंधान अत्यंत समृद्ध थे। महर्षि भारद्वाज के विमान प्रौद्योगिकी पर किये गये शोध तो सदैव प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि राइट ब्रदर्स द्वारा विमान के आविष्कार से आठ वर्ष पहले ही भारत में मुंबई की चौपाटी पर अठारह सौ फीट की ऊंचाई पर विमान का परीक्षण किया गया था। भारत में एक ही साथ जल, थल एवं नभ पर उड़ान भर सकने वाले विमान का निर्माण प्राचीन काल में ही किया जा चुका था, इसका वर्णन प्राचीन साहित्य में मिलता है। हमें इस बात का गौरव होना चाहिए।
खास बात यह है कि जलधारा अर्पण करके जल संरक्षण के संदेश के साथ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ किया गया। महत्वपूर्ण यह है कि लखनऊ विश्वविद्यालय को यूजीसी द्वारा एकेडमिक ऑटोनमी में ग्रेड वन का दर्जा दिया गया है। एनआईआरएफ में 200वीं रैंक मिली है। दरअसल भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति विदेशी छात्रों को भी भा रही है। भारत आज स्पेस, स्टार्टअप, ड्रोन, एनिमेशन, इलेक्ट्रिक व्हीकल, सेमीकंडक्टर जैसे कई सेक्टर में युवाओं के लिए नये अवसर तैयार कर रहा है। कुलपति प्रो आलोक राय ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या में कहा कि भारत में शिक्षा के महत्व की चर्चा बहुत प्राचीन और विश्व प्रसिद्ध है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने फिर से भारतीय मानस के अद्भुत योगदान की ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया। भारत में शिक्षा के महत्व को सदैव स्वीकार किया गया है। हमारा मानना था कि शिक्षा मुक्तिदाता होनी चाहिए जो हमें सभी बंधनों से मुक्त कर दे। हम सभी अपने मूल सृजनात्मक शुद्ध स्वभाव से सत्यान्वेषी, सत्यनिष्ठ एवं सदाचारी बनें, ऐसी प्रार्थनाएं हमारे सभी गुरुकुलों में गूंजती रही हैं। अतीत के गौरव को याद करने का महत्व भविष्य में ऊर्जा प्रदान करने में सहायक बन सकता है जिसे हम अपने कार्यों और संकल्पों के माध्यम से उज्ज्वल बना सकते हैं। पद्मश्री प्रो. बलराम भार्गव का विचार है कि यह समय हमारी आजादी का अमृत काल है। आज दुनिया में छह में से एक डॉक्टर भारतीय है। इसी तरह पूरी दुनिया में पांच में से एक नर्स भारतीय है। इस विश्वविद्यालय में आध्यात्मिक साधना के क्षेत्र में ऐसे महान विद्वान, वैज्ञानिक, लोक सेवक, सामाजिक कार्यकर्ता, विचारक और लेखक हैं। यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ। शंकर दयाल शर्मा भी यहीं के विद्वान विद्वान थे। विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा, अनुसंधान और नवीन तरीकों के माध्यम से ज्ञान के प्रसार के लिए मानव संसाधन विकसित करना है। भारत में 900 से अधिक विश्वविद्यालय और पचास हजार से अधिक उच्च शिक्षा संस्थान हैं। इनमें तीन करोड़ से अधिक विद्यार्थी हैं। भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। सबसे बड़ी ऊंचाई यह है कि इस समय भारत में करीब अस्सी हजार विदेशी छात्र हैं जबकि सात लाख भारतीय छात्र विदेश में पढ़ रहे हैं। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के अनुसार भारत में कई अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने की जबरदस्त क्षमता है।

**नई शिक्षा नीति के माध्यम से भारत को फिर विश्व गुरु बनाना संभव होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल का संबोधन ऐतिहासिक रहा। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से ही हमारे अनुसंधान अत्यंत समृद्ध थे। महर्षि भारद्वाज के विमान प्रौद्योगिकी पर किये गये शोध तो सदैव प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि राइट ब्रदर्स द्वारा विमान के आविष्कार से आठ वर्ष पहले ही भारत में मुंबई की चौपाटी पर अठारह सौ फीट की ऊंचाई पर विमान का परीक्षण किया गया था। भारत में एक ही साथ जल, थल एवं नभ पर उड़ान भर सकने वाले विमान का निर्माण प्राचीन काल में ही किया जा चुका था, इसका वर्णन प्राचीन साहित्य में मिलता है। हमें इस बात का गौरव होना चाहिए।**
**खास बात यह है कि जलधारा अर्पण करके जल संरक्षण के संदेश के साथ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ किया गया। महत्वपूर्ण यह है कि लखनऊ विश्वविद्यालय को यूजीसी द्वारा एकेडमिक ऑटोनमी में ग्रेड वन का दर्जा दिया गया है। एनआईआरएफ में 200वीं रैंक मिली है। दरअसल भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति विदेशी छात्रों को भी भा रही है। भारत आज स्पेस, स्टार्टअप, ड्रोन, एनिमेशन, इलेक्ट्रिक व्हीकल, सेमीकंडक्टर जैसे कई सेक्टर में युवाओं के लिए नये अवसर तैयार कर रहा है। कुलपति प्रो आलोक राय ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या में कहा कि भारत में शिक्षा के महत्व की चर्चा बहुत प्राचीन और विश्व प्रसिद्ध है।**

## आप की बात



### जल जमाव से हाल बेहाल

**शहर** की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए हर साल लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन परिणाम शून्य है। शहर में जल जमाव से निजात दिलाने के लिए कोइ ठोस कदम नही उठाया गया है। इतना ही नहीं नालियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण नगर निगम क्षेत्र के मुख्य सड़क व बाजार सहित अन्य गली-मोहल्ले की नालियां भी बजबजा रही हैं। शहर के छह मुहान चौक पर इन दिनों बारिश होने के बाद तलाब जैसा दृश्य देखने को मिल रहा है। सड़क पर पानी जमा होने की वजह से लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राह चलने वाले लोगों को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार क्षेत्र में भी कई जगहों पर नाली की सफाई नहीं होने की वजह से नाली का पानी सड़कों पर आ गया है। इसकी वजह से स्थानीय दुकानदारों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। हर साल नाली बनाने व मरम्मति करने पर नगर निगम लाखों रुपये पानी की तरह बहा देता है, लेकिन बारिश का पानी शहर से बाहर नहीं बह पाता है। बरसात के पहले तक योजनाएं बनती है और धरातल पर उतरते-उतरते बारिश का मौसम ही खत्म हो जाता है। शहरवासी वर्षों से जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। शहर की समस्याएं हर साल बढ़ती जा रही हैं। शहर में जगह-जगह जलजमाव जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। यहां गली-मोहल्लों से लेकर सड़कों पर जलजमाव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मुहल्लों में जलजमाव व नाला का पानी घरों में प्रवेश करने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। **- संतोष पांडेय, अधिवक्ता मेदिनीनगर।**

### प्रकृति

# इजराइल के खिलाफ अमेरिका का अप्रत्यक्षित दंडात्मक कदम



किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तर पर सर्वादित है कि 7 अक्टूबर 2023 से शुरू इजराइल में पश्चिमी देश पूरी तरह से इजरायल के समर्थन में तो वहीं रूस यूक्रेन युद्ध में भी पश्चिमी देश यूक्रेन के साथ रहे हैं। इन दोनों युद्ध से दुनियां तीन खेलों में बट गई है। पक्ष विपक्ष और न्यूट्रल, ऐसे में इसका प्रभाव संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सभाओं व चुनाव में देखने को मिला है, जिसमें भारत ने पूरी तरह से न्यूट्रल नीति अपना रखी है। इजराइल हमास युद्ध में अमेरिका पूरी तरह से इजरायल के साथ होते हुए भी दिनांक 6 दिसंबर 2023 को अमेरिका विदेश मंत्रालय ने एक अहम जानकारी साझा की जिसमें इजरायल के खिलाफ ठोस अप्रत्यक्ष दंडात्मक कदम उठाया गया है। जिसपर इसराइल सहित पूरी दुनिया हैरान है। याने वेस्ट बैंक पर वीजा प्रतिबंध नीति जो शांति सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करने वालों पर लागू होगी। चूंकि अमेरिका द्वारा इजराइल के खिलाफ अप्रत्यक्षित दंडात्मक कदम की मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका ने वेस्ट बैंक में शांति सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वालों पर वीजा प्रतिबंध लगाया। साथियों बात अगर हम वेस्ट बैंक पर नई वीजा प्रबंध नीति की करें तो, ब्लिंकन ने कहा कि विदेश विभाग एक नई वीजा प्रतिबंध नीति लागू कर रहा है, जिसमें ऐसे व्यक्तियों को निशाना बनाया जा रहा है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे वेस्ट बैंक में शांति, सुरक्षा या स्थिरता को कमजोर करने में शामिल थे। इसमें जिसमें हिंसा के कृत्य करना या अन्य कार्रवाई करना शामिल है, जो आवश्यक सेवाओं और बुनियादी जरूरतों तक नागरिकों की पहुंच को अनुचित रूप से प्रतिबंधित करते हैं वेस्ट बैंक हिंसा में अमेरिका सख्त होते हुए वेस्ट बैंक में हिंसा में शामिल नगरों को के वीजा पर लगाया बयान अमेरिका ने हिंसा में शामिल लोगों का वीजा प्रतिबन्ध लगना शुरू किया है। अमेरिकी प्रशासन ने कहा व्यक्तिगत वीजा प्रतिबंधों की घोषणा नहीं की थी वेस्ट बैंक में बसने वाले दर्जनों यहूदियों और उनके परिजनों को प्रभावित कर सकते हैं।

**इजराइल हमास युद्ध में अमेरिका पूरी तरह से इजरायल के साथ होते हुए भी अमेरिका विदेश मंत्रालय ने एक अहम जानकारी साझा की जिसमें इजरायल के खिलाफ ठोस अप्रत्यक्ष दंडात्मक कदम उठाया गया है।**



### बोधि वृक्ष


# आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा

**इस** प्रकार उन्होंने एक बहुत ही महत्वपूर्ण सबक दिया कि अगर सही तरीके से उपयोग किया जाय तो क्रोध भी एक उपयोगी उपकरण है और छह आंतरिक दुश्मन केवल कमजोर दिमाग के दुश्मन हैं और एक सच्चे गुरु के मामले में अच्छे गुलाम हैं। पितृ देवताओं ने ऋषि भृगु को सलाह दी कि उन्हें नकुल (एक नेवला और एक ऐसा व्यक्ति जिसका कोई कुल नहीं है, कोई कुल नहीं है, दूसरे अर्थ में कोई वंश नहीं है) के रूप में जन्म लेकर उस गलती का प्रायश्चित करना चाहिए। जब क्षमा के लिए अनुरोध किया गया, तो वे नरम पड़ गए और कई ब्राह्मणों की धार्मिक बातों का खंडन करने वाले नेवले के साथ मेल खाने के लिए शाप को हटा दिया (आधुनिक समय के कानून की तरह धर्म जटिल है और ऐसी कहानियों के माध्यम से बारीकियों को सामने लाया जाता है)। उनके श्राप और आशीर्वाद के अनुसार, ऋषि जमदग्नि नेवले के रूप में जन्म लेते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर द्वारा किये गये अश्वमेध यज्ञ के अंत में उन्हें मुक्ति मिलती है। ऋषि-मुनियों की कहानियाँ मनोरंजक, शिक्षाप्रद एवं ज्ञानवर्धक होती हैं। साई राम। (**समाप्त**)

**आइये सुने ऋषि मार्कण्डेय की कथा**

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि जिस धरती पर हम चार युगों से रह रहे हैं, वह एक शैतान का लोक है। वह शैतान जिसे ज्योति निरंजन या ब्रह्म-काल भी कहा जाता है। यह शैतान / ज्योति निरंजन / काल इस क्षेत्र का राजा है और इसने हमें अपनी पत्नी दुर्गा/ माया/ अष्टंगी/ प्रकृति देवी सहित सभी निर्दोष आत्माओं को अपने वश में कर सबको धोखा दे रखा है। ब्रह्म-काल ने सभी प्राणियों को कर्म-भ्रम और पाप-पुण्य के जाल में फँसाकर तीनों लोकों के पिंजरे में कैद कर रखा है जिस कारण आत्मा जन्म- मरण और पुर्नजन्म के दुष्चक्र में हमेशा फंसी रहती है। (**क्रमशः**)

### फेसबुक वॉल से



### X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थें राजा जी



ललित गर्ग

**भारतीय** राजनीति का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, जो उस युग के नहीं, बल्कि किसी भी युग के महान व्यक्तियों की गिनती में आते हैं। अपनी जिन्दगी में उन्होंने सत्य, राष्ट्रीयता एवं ज्ञान के प्रचार का काम किया, जिनसे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, दार्शनिक के साथ-साथ युग को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं। उनकी उपलब्धियों के वैराट्य को देखते हुए उनको दी गयी 'राजाजी' की उपाधि उचित है। उन्हें भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष कहा जाता है। वे प्रसिद्ध वकील, लेखक और दार्शनिक थे। वे पहले भारतीय गर्वनर जनरल थे। महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, गांधीवादी राजनीतिज्ञ चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को आधुनिक भारत के इतिहास का 'चाणक्य' माना जाता है। सत्य को अपने आचरण में जीने वाले लोग सदियों से धरती पर न सही, लेकिन इतिहास में सदा अमर रहे हैं और राजगोपालाचारी उन्हीं में से एक थे। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म 10 दिसंबर 1878 को तमिलनाडु के सेलम जिले के होसूर के पास धोरापल्ली नामक गांव में हुआ। वैष्णव ब्राह्मण परिवार में जन्मे चक्रवतीर्जी के पिता नलिन चक्रवर्ती थे, जो सेलम न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थे। राजगोपालाचारी की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही स्कूल में हुई। इंटरमीडिएट परीक्षा बंगलौर के सेंट्रल कॉलेज से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने वकालत भी की। योग्यता और प्रतिभा के बल पर उनकी गणना सेलम के प्रमुख वकीलों में की जाने लगी। चक्रवर्ती पढ़ने-लिखने में तेज तो थे ही, देशभक्ति और समाजसेवा की भावना भी उनमें स्वाभाविक रूप से विद्यमान थी। वकालत के दिनों में वे स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रभावित हुए और वकालत के साथ समाज सुधार के कार्यों में सक्रिय रूप से रुचि लेने लगे।

**चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म 10 दिसंबर 1878 को तमिलनाडु के सेलम जिले के होसूर के पास धोरापल्ली नामक गांव में हुआ। वैष्णव ब्राह्मण परिवार में जन्मे चक्रवतीर्जी के पिता नलिन चक्रवर्ती थे।**

### टेक वर्ल्ड

# Netflix ने लाया खुशखबरी!

Netflix की ओर से अच्छी खबर आ रही है। Netflix अपने प्लेटफॉर्म पर नये गेम्स लाने ला जा रहा है। अमेरिकी वीडियो स्ट्रीमिंग कंपनी ने सब्सक्राइबर्स के लिए नये गेम्स की घोषणा की है। जिन लोगों को गेमिंग का शौक है उनके लिए Netflix की ओर से अच्छी खबर आ रही है। Netflix अपने प्लेटफॉर्म पर नये गेम्स लाने ला जा रहा है। अमेरिकी वीडियो स्ट्रीमिंग कंपनी ने सब्सक्राइबर्स के लिए नये गेम्स की घोषणा की है। ये गेम्स यूजर्स अपने मोबाइल डिवाइसेज पर खेल पायेंगे हालांकि, इसके लिए चार्ज देना होगा। साथ ही TV और कंप्यूटर डिवाइसेज पर भी गेम्स को एक्सेस किया जा सकेगा। Geeked Wee' इवेंट में कंपनी ने घोषणा की है कि जल्द ही ये गेम्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे। Hades : इस गेम को 2020 में लॉन्च किया गया था। ये जल्द ही iOS पर उपलब्ध होगा। लेकिन एंड्रॉयड यूजर्स को कुछ दिन इंतजार करना पड़ सकता है। इस गेम में यूजर्स को अंडरवर्ल्ड के प्रिंस जागरियस की तरह खेलना होगा। जैसे किरदार इसमें मरता है, यूजर को फिर से शुरूआती वाली जगह पर जाना होगा। हर बार की यात्रा अलग होगी, लेकिन यूजर को पहले इस्तेमाल किये गये हथियार और जानकारी उपलब्ध होगी। Death's Door : मौत का दरवाजा एक रोचक गेम है जो जेल्डा जैसा एडवेंचर गेम है। ये Netflix के मोबाइल यूजर्स के लिए एक्सक्लूसिव तौर पर उलब्ध होगा। प्लेयर को इसमें कौए को कंट्रोल करना है जिसे आत्माओं को इकट्ठा करने का काम सौंपा गया है। ये काम वह रीपिंग कमिशन हेडक्वार्टर्स के लिए करता है। ये ऐसी जगह है जहां मौत के बाद दुनिया दिखाई गई है।




स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बैलेंस डाइट का विकल्प नहीं हैं न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट्स, इन स्थितियों में पड़ती है इनकी जरूरत

बहुत से लोग विटामिन और मिनरल्स को लेना पसंद करते हैं। क्योंकि सप्लीमेंट्स प्राकृतिक नहीं होते इसलिए बहुत से लोग शरीर में पोषक तत्वों को बनाए रखने के लिए इस विकल्प को उचित नहीं समझते। सप्लीमेंट्स लेना न लेना यह यह किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जरूरत पर निर्भर करता है। लोगों को यह समझने की आवश्यकता है, कि कुछ स्वास्थ्य स्थितियां ऐसी होती हैं, जिसमें पोषक तत्वों का अवशोषण बढ़ाने के लिए सप्लीमेंट्स लेना पड़ता है। न कि आप अपनी नियमित बैलेंस डाइट को सप्लीमेंट से बदल सकती हैं। न्यूट्रीशनिस्ट और हेल्थ टोटल की फाउंडर अंजली मुखर्जी ने न्यूट्रीशनल सप्लीमेंट्स से जुड़ी कुछ जरूरी बातें बताई हैं। उन्होंने बताया है कि कब और किस स्थिति में हमारे शरीर को इसकी आवश्यकता होती है। हमें उसी अनुसार अपने शरीर को सप्लीमेंट्स देने चाहिए। साथ ही एक्सपर्ट ने यह भी कहा है, की भूल कर भी बैलेंस डायट की जगह न्यूट्रीशनल सप्लीमेंट्स न लें।

**सप्लीमेंट लेने से पहले यह भी जान लें :** कसी भी व्यक्ति को न्यूट्रीशनल सप्लीमेंट्स खुद से नहीं लेने चाहिए। यदि आपको लगता है कि आपको किसी तरह के पोषक तत्व की आवश्यकता है, तो इस विषय पर सबसे पहले आपको एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए। आज हम बात करेंगे ऐसे ही कुछ कंडीशंस के बारे में जिनमें आपको न्यूट्रीशनल सप्लीमेंट्स की आवश्यकता हो सकती है। इन पॉइंट्स को समझें और यदि आपको न्यूट्रीशनल सप्लीमेंट्स की जरूरत महसूस हो तो अपने मेडिकल हेल्थ केयर प्रोवाइडर द्वारा प्रिसक्राइब्ड सप्लीमेंट्स ले सकती हैं।



## किस स्थिति में पड़ती है न्यूट्रीशनल सप्लीमेंट्स की आवश्यकता

**न्यूट्रिएंट डिफिशिएंसी :** कई ऐसे फैक्टर हैं, जैसे कि सॉइल डिप्लीशन, ओवरफार्मिंग और सॉइल एरोजन जिसकी वजह से आवश्यक खाद्य पदार्थों में जरूरी मिनरल्स की कमी पाई जाती है। इस स्थिति में शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता और आपको सप्लीमेंटेशन की आवश्यकता पड़ सकती है। उपयुक्त फैक्टर्स की वजह से जिंक, सेलेनियम, क्रोमियम जैसे कुछ जरूरी मिनरल्स की कमी देखने को मिलती है, यह सभी पोषक तत्व समग्र सेहत के लिए बेहद मायने रखते हैं।

**एंटीऑक्सीडेंट की बढ़ती आवश्यकता :** इस मॉडर्न लाइफ में हर व्यक्ति तमाम प्रकार के टॉक्सिंस, पोल्यूटेंट्स और स्ट्रेससर्स का सामना कर रहा है। इस स्थिति में हमारे शरीर में एंटीऑक्सीडेंट की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। यह सभी फैक्टर हमारे शरीर में फ्री रेडिकल्स और टाक्सीसिटी को बढ़ा देते हैं। जिसकी वजह से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और कई स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में एंटीऑक्सीडेंट युक्त खाद्य पदार्थों की कमी की वजह से हमारा शरीर इन फैक्टर से लड़ नहीं पाता, जिसकी वजह से हम सभी को एंटीऑक्सीडेंट सप्लीमेंट की आवश्यकता पड़ती है।

**डाइटरी चेंज भी हो सकते हैं इसके लिए जिम्मेदार :** खान पान की आदतों में बदलाव आना जैसे कि रिफाइंड, काबोर्हाइड्रेट, ऐडेड शुगर युक्त खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन या अत्यधिक स्ट्रीट और रेस्टुरेंट फूड्स से शरीर में मौजूद पोषक तत्व असंतुलित हो सकते हैं। साथ ही साथ यह सभी खाद्य पदार्थ शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण को भी प्रभावित करते हैं, जिसकी वजह से न्यूट्रिशन डिफिशिएंसी का सामना करना पड़ सकता है।

**मेडिकल कंडीशन :** कुछ प्रकार की बीमारी और मेडिकल कंडीशन ऐसे होते हैं, जब आपका शरीर खाद्य स्त्रोत के माध्यम से पोषक तत्वों को अवशोषित नहीं कर पाता और शरीर खुद के द्वारा किसी भी प्रकार के पोषक तत्व का उत्पादन नहीं कर पाता। इस स्थिति में शरीर में पोषक तत्वों की मात्रा को बनाए रखने के लिए न्यूट्रीशनल सप्लीमेंट्स लेना जरूरी हो जाता है। कई मेडिकल कंडीशंस ऐसे हैं, जिसमें शरीर को अधिक मात्रा में विटामिन और मिनरल्स की आवश्यकता होती है, खासकर विटामिन सी और जिंक। जिन्हें बढ़ाने के लिए न्यूट्रीशनल सप्लीमेंट्स लेने पड़ते हैं।

❖ अंजलि कुमारी

# काल्फ मसल्स को टोन कर सकती हैं ये एक्सरसाइज...

अगर आप भी टांगों को स्लिम बनाना चाहती हैं, तो काल्फ एक्सरसाइज को अपने रूटीन में अवश्य शामिल करें। इससे ग्लूटएस थाइज और हैमस्ट्रिंग को मजबूती मिलती है। जानते हैं ऐसी ही 4 काल्फ एक्सरसाइज जिसकी मदद से अतिरिक्त फैट्स को कम कर सकते हैं। शरीर में दिनों दिन बढ़ रहा मोटापा केवल पेट पर ही चर्बी को नहीं बढ़ाता है बल्कि इसका असर बाजू और टांगों पर भी दिखने लगता है। खासतौर पर हैवी काल्फ मसल्स बॉडी के पोस्चर को खराब करने लगती है। ऐसे में टोन बॉडी के लिए काल्फ मसल्स पर जमा अतिरिक्त चर्बी को दूर करना बेहद आवश्यक है। अगर आप भी शरीर के निचले हिस्से की मांसपेशियों को मजबूत बनाना चाहते हैं और टांगों को स्लिम बनाना चाहते हैं, तो काल्फ एक्सरसाइज को अपने रूटीन में अवश्य शामिल करें। इससे ग्लूटस, थाइज और हैमस्ट्रिंग को मजबूती मिलती है। जानते हैं ऐसी ही काल्फ एक्सरसाइज जिसकी मदद से अतिरिक्त फैट्स को कम कर सकते हैं।

## ये एक्सरसाइज जो आपके काल्फ मसल्स को करेंगी टोन

**हैंड्स अंडर फुट :** काल्फ मसल्स को हेल्दी बनाने और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए हैंडस अंडर फुट एक्सरसाइज का अभ्यास करें। इससे टांगे पूरी तरह से स्ट्रेच होने लगती है, जिससे शरीरिक अंगों में मौजूद स्टिफनेस दूर होकर लचीलापन बढ़ने लगता है।

**जानें इसे करने की विधि :** इस एक्सरसाइज को करने के लिए मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। अब दोनों बाजूओं को उपर की ओर उठाएं और पीठ को एकदम सीधा कर लें।

दोनों टांगों को आपस में जोड़ लें और घुटनों को मोड़ने से बचें। अब दोनों बाजूओं को नीचे की ओर लाएं और हथेलियों से पंजों को पकड़ लें।

1 मिनट तक इस एक्सरसाइज को करने से काल्फ मसल्स को मजबूती मिलती है। इसके बाद शरीर को ढ़ीला छोड़ दें।



**हैंड टॉवल स्ट्रेच :** पैरों और टांगों के मसल्स को रिलैक्स रखने के लिए हैंड टॉवल स्ट्रेच एक बेहतरीन विकल्प है। इस एक्सरसाइज के माध्यम से काफ मसल्स पर जमा अतिरिक्त चर्बी बर्न होने लगती है। इससे पैरों के मसल्स को मजबूती मिलती है और टांगों का दर्द भी कम होने लगता है।

**इसे करने की विधि :** इसे करने के लिए मैट पर बैठ जाएं और अपनी पीठ को एकदम सीधा कर लें। अब टांगों को आगे की ओर बढ़ाएं और घुटनों को न मोड़ें।

**बीएमआई चेक करें :** दोनों पंजों को आगे की ओर बढ़ाएं। अब एक हैंड टॉवल लेकर दोनों पैरों के पीछे से लिए हुए हाथों से आगे की ओर खींचने का प्रयास करें।

अब दोनों पैरों को टॉवल की मदद से आगे और पीछे की ओर स्ट्रेच करें। इस दौरान अपना ध्यान दोनों पैरें की ओर टिकाएं रखें। 2 से 3 मिनट तक इस एक्सरसाइज को करने से काफ मसल्स टोन होने लगते हैं और जमा फैट्स बर्न होने लगते हैं।

**हील कॉर्ड स्ट्रेच विद बैण्ड नी :** वे लोग जो काल्फ मसल्स में ऐंठन की समस्या से दो चार होते रहते हैं। उन्हें रोजाना 1 से 2 हमनट हील कॉर्ड स्ट्रेच विद बैण्ड नी एक्सरसाइज का अभ्यास अवश्य करना चाहिए। इससे टांगों में दर्द के अलावा काफ मसल्स में जमा फैट्स बर्न होते हैं और मांसपेशियों को मजबूती मिलने लगती है।

**जानें इसे करने की विधि :** इसे करने के लिए मैट पर सीधे खड़े हों। दाईं टांग को आगे की ओर बढ़ाएं और बाई टांग को एक कदम पीछे की ओर धकेलें। उसके बाद अपने सामने एक कुर्सी रख लें। अब दोनों हाथों से कुर्सी को पकड़ लें और घुटने मोड़ते हुए नीचे हो और फिर सीधे खड़े हो जाएं।

दोनों पैरों को जमीन पर ही टिकाएं रखें। 30 सेकण्ड से 1 मिनट तक इसी पोजिशन में बने रहें।

इसी स्ट्रेच को अब बाईं टांग को आगे करते हुए दोहराएं।

दिन में 3 से 4 बार इस एक्सरसाइज को करने से काफ मसल्स को फायदा मिलता है।

**सूमो स्क्वैट्स :** शरीर के संतुलन को नाए रखने के लिए सूमो स्क्वैट्स लाभदायक साबित होते हैं। इससे काल्फ मसल्स पर जमा चर्बी अपने आप कम हो जाती है। साथ ही टांगों में लचीलापन बढ़ने लगता है। आप चाहें, तो डंबल या उसके बिना भी सूमो स्क्वैट्स कर सकते हैं।

## जानें इसे करने की विधि

इसे करने के लिए दोनों हाथों में डंबल लेकर मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। अब अपनी दोनों टांगों को खोल लें और 5 से 6 कदमों की दूरी बनाकर रखें।

दोनों हाथों में डंबल को पकड़कर उपर से नीचे की ओर लेकर आएं। इस दौरान घुटनों को भी माड़ें। इसे करने के दौरान दोनों पंजों को बाहर की ओर रखें।

शरीर को उपर से नीचे लाते हुए अपनी सांस पर भी ध्यान दें। गहरी सांस लें और धीरे धीरे रिलीज करें। इससे शरीर संतुलित बनता है। एक्सरसाइज को 30 सेकण्ड से लेकर 1 मिनट तक करने के दौरान पैरों को मजबूती से जमीन पर टिका कर रखें।

# अच्छा हुआ हम वैसे नहीं हैं



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध युवा व्यंग्यकार)

दक्षिण के किसी चर्चित फिल्म अभिनेता के निधन पर दो 'पहुंचे' हुए अभिनेता आपस में फोन पर बातचीत कर रहे हैं-

'हेलो! सुना क्या? साउथ का कोई हीरो मर गया है। अभी-अभी टीवी पर समाचार देखा। सुनकर बड़ा दुख हुआ।'

'हां-हां मैंने भी देखा। वह तो बड़ा सुपरस्टार था। लोगों में उसकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है।'

'होगी भी क्यों न? बंदे ने काम ही ऐसे किए थे। अनाथाश्रम, पाठशालाएं, गौशालाएं, मुफ्त भोजन व्यवस्था, जरूरतमंदों की सहायता जो करता था। हमेशा जनसेवा का भूत उसके सिर पर सवार रहता था।'

'यह तो बहुत बुरा हुआ। क्यों न हम भी उसके दुख में शामिल हो जाएं। एक कंडोलेंस वाला ट्वीट तो कर ही सकते हैं। वरना दुनिया क्या सोचेगी?'

'अरे! कहीं तू पागल तो नहीं हो गया? ट्वीट करने के चक्कर में कहीं ट्रोल-व्रोल हो गया तो लेने के देने पड़ जाएंगे। ऊपर से बेइज्जती अलग होगी।'

'अरे भाई! तू दो-चार गुटखों के विज्ञापन में है और मैं दो-चार शराब वाले में। अगर ऐसे में कोई ट्वीट कर देते हैं तो लोग हमारी खूब खिंचाई करेंगे। जनसेवा तो दूर हमने बिना मतलब के आज तक किसी को घांस तक नहीं डाली है। यह सोचकर ही मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।'

'हां यार! तू सही कहता है। भूल गया क्या लॉकडाउन में ऐसे ही किसी अभिनेता ने हमारी पतलून ढीली कर दी थी। उस पर जनसेवा का ऐसा भूत सवार हुआ कि हमारा घर से निकलना दुश्वार हो गया था। ऊपर से मीडिया वालों की किच-किच अलग से।'

'सही कहता है तू! सबसे अच्छा चुपचाप बैठो। दुनिया से कन्नी काट लो। दो-चार दिन बाद मामला ठंडा पड़ जाएगा। क्यों फालतू मे मुसीबत मोल लें। जैसा चल रहा है वैसा चलने दो। मानवता को मारो गोली। चुपचाप पड़े रहो एक कोने में।' इतना कहते हैं दोनों ने फोन रख दिया।

# सर्दी-जुकाम और खांसी की छुट्टी कर देंगे ये अमेजिंग जूस

सर्दियों में सोच-समझकर जूस का सेवन करना चाहिए। क्योंकि बिना समझे जूस आदि पीने से सर्दी-जुकाम हो सकता है। इसलिए सर्दियों में ऐसे फूड्स का जूस पीना चाहिए। जिनकी तासीर गर्म होती है। सर्दियों में हम सभी को अपनी डाइट का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। क्योंकि हेल्दी और प्रॉपर डाइट लेने से न सिर्फ हमारा शरीर वार्म रहता है। बल्कि शरीर की इम्यूनिटी भी बढ़ती है। ऐसे में कई लोग सर्दियों में जूस का सेवन भी करते हैं। लेकिन सर्दियों में सोच-समझकर जूस का सेवन करना चाहिए। क्योंकि बिना समझे जूस आदि पीने से सर्दी-जुकाम हो सकता है। इसलिए सर्दियों में ऐसे फूड्स का जूस पीना चाहिए। जिनकी तासीर गर्म होती है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे जूस के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पीने से आप हेल्दी और फिट रहेंगे।



## गाजर-अदरक जूस

गाजर और अदरक जूस में विटामिन ए और विटामिन सी पाया जाता है। जो हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत करने का काम करता है। यह जूस हमारी त्वचा को जवां और ग्लोइंग बनाता है। यह जूस शरीर में कोलेजन बढ़ाने के साथ ही त्वचा की इलास्टिसिटी को इम्प्रूव करता है। एक रिसर्च के मुताबिक अदरक के जूस में जिंजरोल पाया जाता है। जो कैंसर कोशिकाओं के विनाश को बढ़ावा देता है।

## चुकंदर जूस

चुकंदर हमारे शरीर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में आप सर्दियों में चुकंदर के जूस का सेवन कर सकते हैं। सर्दियों में चुकंदर के साथ अदरक डालकर इसका सेवन करने से शरीर को एंटीइंफ्लामेटरी, नाइट्रेट, एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन व मिनरल्स मिलेगा। अगर आप रोजाना 500 मिलीलीटर बीटरूट जूस पीते हैं। तो इससे 15 फीसदी तक शरीर की थकावट कम हो सकती है।

## क्रैनबेरी जूस

क्रैनबेरी जूस में एंटीऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। जो हमारी डायजेशन सिस्टम को ठीक करने के साथ इम्यूनिटी भी बढ़ाता है। क्रैनबेरी जूस में विटामिन सी और ई भरपूर मात्रा पायी जाती है। इस जूस का सेवन करने से हमारे शरीर से टॉक्सिन पदार्थ निकल जाता है। साथ ही यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन में भी राहत देने का काम करता है। आप संतरा, मौसंबी और अंगूर को मिलाकर क्रैनबेरी जूस बना सकते हैं।

## सिट्रस फ्रूट जूस

सिट्रस फ्रूट जूस विटामिन सी से भरपूर होता है। यह इम्यूनिटी को स्ट्रांग करने के साथ ही इंफेक्शन और कोल्ड फ्लू से बचाता है। सिट्र्स फ्रूट जूस फ्लेवोनोइड्स दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। साथ ही विटामिन सी के होने से यह त्वचा को ग्लोइंग बनाता है।

## कीवी जूस

कीवी में कैरोटेनोइड्स, पॉलीपेनोल्स और डाइटरी फाइबर पाया जाता है। इसमें मौजूद तत्व कोल्ड और फ्लू से बचाने का काम करते हैं। साथ ही यह जूस झुर्रियों को कम करता है। जिससे हमारी त्वचा यूथफुल दिखती है।

❖ अनन्या मिश्रा

## सूडोकु नवताल- 6908

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6907 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**09 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.07 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मकर | 09.12 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 10.59 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 12.32 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 14.02 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 15.42 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.40 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.54 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.10 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 00.22 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | तुला | 02.32 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 04.47 ब.से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 343 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** एकादशी 06.32 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 10.43 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 23.37 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 06.32 बजे तदनन्तर कौलव 18.59 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 46'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871822
**जूलियन दिन** 2460287.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उलावल
**तारीख** 24

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7970

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ |
| 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 | | 20 |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | 29 | ■ | |
| ■ | 30 | | 31 | ■ | 32 | | 33 | ■ |
| 34 | ■ | 35 | | 36 | ■ | 37 | | 38 |
| 39 | | ■ | 40 | | | ■ | 41 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. अधिकार-2
3. समुद्र, दरिया-3
6. आनंद, रस-2
8. दबाना, कुचलना-3
10. गुंडा, बदमाश-3
12. पासों से भविष्य जानना-3
14. नाप जोख करना-3
17. जलजला-3
19. असफल-3
21. मगन, रत-2
23. व्यक्ति, जीव-3
25. सम्राट, नरेश-2
26. कार्य करने वाला-3
28. उपनदी, कैनाल-3
30. मां का प्रेम-3
32. पढ़ना, अध्ययन-3
35. पक्षाघात, फालिज-3
37. सेनापति-3
39. दूल्हा, वरदान-2
40. पक्ष, एक ओर-3
41. भीगा हुआ

**ऊपर से नीचे**

1. सीमा, सरहद-2
2. कटि, मध्यांग-3
4. दुख, कष्ट-2
5. गमन, विदा होना-3
7. शराब का प्याला-2
9. एक नमकीन लवण-3
11. आलेप करना-3
13. बोलने का तरीका-3
15. अयोग्य, बेकार-3
16. तहजीब, तमीज-3
18. रत्न, बहुमूल्य नग-3
20. व्यंग, परिहास-3
22. मुलायम, नाजुक-3
24. कॉफी-3
27. पंकज, नीरज, जलज-3
29. निर्माण-3
31. बल, दम, जोर-3
33. नेत्र, आंख-3
34. नौका-2
36. घात, प्रहार-2
38. जरा, थोड़ा-2

### शब्द पहेली -7969 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | द | न | ■ | चा | त | क | ■ | त |
| ■ | र्श | ■ | क | ल | ह | ■ | र | वा |
| ता | न | ■ | ह | ■ | खा | लि | स | ■ |
| क | ■ | का | र | खा | ना | ■ | भ | ■ |
| त | री | का | ■ | विं | ■ | श | रा | रा |
| ■ | मी | ■ | अ | द | र | क | ■ | ज |
| ■ | से | ह | रा | ■ | ह | ■ | आ | न |
| जा | न | ■ | ज | ही | न | ■ | स | ■ |
| म | ■ | म | क | र | ■ | स | न | म |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष राशि :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मिथुन राशि :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें।

**कर्क राशि :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**सिंह राशि :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें।

**कन्या राशि :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**तुला राशि :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मकर राशि :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**कुंभ राशि :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**मीन राशि :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## पीएम ने उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का किया शुभारंभ, बोले

# धर्म की नगरी के साथ विकास नगरी भी बन रहा है उत्तराखंड

### मेक इन इंडिया की तरह वेडिंग इन इंडिया मूवमेंट चलाने की जरूरत : पीएम

### उत्तराखंड, टूरिज्म का एक सशक्त ब्रांड बनकर उभरने वाला है

### डेस्टिनेशन शादी के लिए लोग विदेश जाकर शादी कर रहे हैं

**एजेंसी। देहरादून**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उत्तराखंड धर्म की नगरी के साथ-साथ विकास की नगरी भी बन रही है। डबल इंजन की सरकार से राज्य लाभान्वित हो रहा है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को देहरादून में 'उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामर्थ्य से भरी ये देवभूमि निश्चित रूप से आपके लिए बहुत सारे द्वार खोलने जा रही है। आज भारत विकास और विरासत के जिस मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है, उत्तराखंड उसका प्रखर उदाहरण है। राज्य की विकास हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड वो राज्य है जहां आपको धर्म और विकास दोनों का अनुभव एक साथ होता है। आकांक्षी भारत आज अस्थिरता नहीं चाहता है बल्कि वह आज स्थिर सरकार चाहता है। हाल में हुए विधानसभा चुनाव इसके उदाहरण हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देहरादून में दो दिवसीय उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर राज्यपाल गुरमीत सिंह, बाबा राम देव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। उत्तराखंड सरकार की ओर से इस बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की थीम 'पीस टू प्रॉस्पेरिटी' रखा गया है। इन्वेस्टर्स समिट में देश-दुनिया के हजार से अधिक इन्वेस्टर और डेलीगेट्स शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में कहा कि सरकार की ओर से उत्तराखंड को निवेश की नई डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में ढाई लाख करोड़ के निवेश के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कर लिया है।




### पीएम मोदी ने की अपनी सरकार के तीसरे टर्म में आने की घोषणा

**डेस्टिनेशन** उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे टर्म में आने की घोषणा कर दी। उन्होंने देश में लगातार विकास और पॉलिसी लेवल पर सुधार पर बोलते हुए सभी निवेशकों का आह्वान किया कि उत्तराखंड में अधिक से अधिक निवेश करें। इस दौरान पीएम मोदी ने ऐलान किया कि उनके तीसरे टर्म में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसका मतलब साफ है कि पीएम मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव को जीतने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त और कॉन्फिडेंट हैं। प्रधानमंत्री ने संबोधन में अपनी लिखी कविता पढ़ी, जहां अंजुली में गंगाजल हो, जहां हर एक मन बस निश्छल हो, जहां गांव-गांव में देशभक्त, जहां नारी में सच्चा बल हो, इस देशभूमि का आशीर्वाद लिए मैं चलता जाता हूं, इस देवभूमि के ध्यान में सदा धन्य हो जाता हूं, हे भाग्य मेरा सौभाग्य मेरा, मैं तुमको शीष नवाता हूं। कहा, राज्य में छोटी सड़कों से लेकर चारधाम मार्ग पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने जिक्र किया कि देहरादून और पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार से एयर कनेक्टिविटी सशक्त होगी। सरकार हेली टैक्सी सेवाओं को विस्तार दे रही है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन से रेल कनेक्टिविटी भी सशक्त होगी। ये आधुनिक कनेक्टिविटी जीवन को आसान बनाने के साथ ही बिजनेस को भी आसान बना रही है। इस दौरान पीएम मोदी ने उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में आए उद्योगपतियों से बात की। पीएम मोदी ने उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने काम का स्वाट (एसडब्लूओटी) एनालिसिस करते हैं। एक राष्ट्र के रूप में भारत को लेकर आज हमें ऐसी एनालिसिस करनी होगी तो हमें चारों तरफ एस्पिरेशन, होप, इनोवेशन, सेल्फ कॉन्फिडेंस और अपॉर्चुनिटी ही दिखेगी।

#### थीम बेस्ड टूरिज्म सर्किट तैयार हो रहा है

उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया की तरह वेडिंग इन इंडिया मूवमेंट चलाने की जरूरत है। आज डेस्टिनेशन शादी के नाम पर लोग विदेश में जाकर शादी समारोह कर रहे हैं। ऐसे में वेडिंग इन इंडिया मूवमेंट समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं कि आने वाले पांच साल में लोग अपने परिवार की एक डेस्टिनेशन शादी उत्तराखंड में करें। अगर एक साल में 05 हजार शादियां भी यहां होने लग जाएं तो एक नया इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा हो जाएगा और दुनिया की शादियां यहां होने लग जाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत को देखने के लिए भारतीयों और विदेशियों दोनों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। हम पूरे देश में थीम बेस्ड टूरिज्म सर्किट तैयार कर रहे हैं। कोशिश ये है कि भारत के नेचर और हेरिटेज दोनों से ही दुनिया को परिचित कराया जाए। इस अभियान में उत्तराखंड, टूरिज्म का एक सशक्त ब्रांड बनकर उभरने वाला है।

# महुआ के पास अदालत जाने और संसद से अनुरोध करने का विकल्प

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कैश फॉर क्वेरी मामले में शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया। संसदीय आचार समिति की रिपोर्ट संसद में पेश किए जाने और चर्चा के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा। आचार समिति ने मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की थी। महुआ मोइत्रा 2019 में चुनाव जीतकर पश्चिम बंगाल के कृष्णा नगर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। अब बड़ा सवाल यही है कि महुआ मोइत्रा आगे क्या करेगी? उनके पास क्या विकल्प होंगे?

संवैधानिक विशेषज्ञ के अनुसार महुआ मोइत्रा के पास तीन प्राथमिक आधारों पर अदालत में फैसले को चुनौती देने का विकल्प है। ये हैं प्राकृतिक न्याय से इनकार, घोर अवैधता, और सदन के निर्णय या संसदीय समिति की प्रक्रिया की असंवैधानिकता। मोइत्रा इन उदाहरणों के आधार पर प्राकृतिक न्याय से इनकार का तर्क दे सकती हैं। इसके अतिरिक्त, मोइत्रा अपनी शर्तों के अनुसार, अपराध के संबंध में सजा की असमानता को उजागर करते हुए अनुच्छेद 20 का इस्तेमाल कर सकती है। इसके अलावा महुआ मोइत्रा फैसले की समीक्षा के लिए संसद के समक्ष अनुरोध कर सकती हैं। हालांकि यह पूरी तरीके से संसद के विवेक पर निर्भर है कि वह पर विचार करना चाहती है या नहीं। एक विकल्प यह भी है कि वह फैसले को स्वीकार करें और 4 महीने बाद होने वाले आम चुनाव में एक बार फिर से मैदान में उतरे। टीएमसी सांसद के रूप में अपने निष्कासन के बाद महुआ मोइत्रा ने कहा, एथिक्स कमेटी के पास निष्कासित करने का कोई अधिकार नहीं है...यह आपके (बीजेपी) अंत की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि अगर इस मोदी सरकार ने सोचा कि मुझे चुप कराकर वे अडानी मुद्दे को खत्म कर देंगे। मैं आपको यह बता दूं कि इस कंगारू कोर्ट ने पूरे भारत को केवल यह दिखाया है कि आपने जो जल्दबाजी और उचित प्रक्रिया का दुरुपयोग किया है, वह दर्शाता है कि अडानी आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। और आप एक महिला सांसद को समर्पण करने से रोकने के लिए उसे किस हद तक परेशान करेंगे।




#### हमें नियमों के तहत काम करना पड़ता है

भाजपा सांसद और लोस आचार समिति की सदस्य अपराजिता सारंगी ने कहा कि महुआ मोइत्रा का निष्कासन सारे सांसदों के लिए एक सीख है। जब हम सांसद बनते हैं तो हम संविधान के तहत शपथ लेते हैं और हमें कुछ नियमों के तहत काम करना पड़ता है। याद रहे कि हम कांच के घर में हैं और पूरा देश हमें देख रहा है... महुआ मोइत्रा के मामले में अनैतिकता दिखी, दायित्वपूर्ण व्यवहार नहीं दिखा जिस वजह से आज उनका लोकसभा से निष्कासन हुआ। इससे पहले जब एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश की गई तो विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने इसे पढ़ने के लिए तीन से चार दिन का समय देने की मांग आसन से की।

#### मोइत्रा ने खुद स्वीकारी लॉग इन पासवर्ड साझा करने की बात

हिना वी. गवित ने कहा कि जब हम सांसद बनते हैं तो हम सभी को नियमों के तहत संसद के लॉग इन और पासवर्ड मिलते हैं। सांसद बनने पर हम जिन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते हैं, उनमें साफ लिखा होता है कि हम किसी के साथ इन लॉग इन पासवर्ड को साझा नहीं कर सकते जबकि महुआ मोइत्रा ने खुद स्वीकार किया कि उन्होंने लॉग इन पासवर्ड साझा किए। आप नैचुरल जस्टिस की बात करते हैं लेकिन आप खुद नियम तोड़ रहे हैं। 'ये पक्ष या विपक्ष का सवाल नहीं है बल्कि संसद की मयार्दा का सवाल है। संसदीय आचरण का सवाल है।

#### निशिकांत दुबे ने एथिक्स कमेटी का बचाव किया

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा एथिक्स कमेटी का बचाव किया है। साथ ही उन्होंने दावा किया है कि अगर साबित हो जाता है कि तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा से 'पुरुष मित्र' को लेकर कोई प्रश्न किया गया था, तो वह राजनीति से संन्यास दे देंगे। साथ ही उन्होंने समिति पर लगे आरोपों को लेकर बहुजन समाज पार्टी सांसद दानिश अली पर भी सवालिया निशान लगाए हैं।

### राहुल ने ममता को फोन कर गठबंधन की बैठक में आने के लिए मनाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्षी दलों के आईएनडीआई गठबंधन की अगली बैठक में शामिल होने के लिए हामी भर दी है। इसके पहले बैठक में शामिल होने से उन्होंने इनकार कर दिया था। ममता ने आरोप लगाया था कि समय पर उन्हें सूचना नहीं दी गई। इसके बाद नीतीश कुमार और अखिलेश यादव के भी बैठक से किनारा करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के दिल्ली स्थित आवास पर होने वाली बैठक टाल दी गयी थी। अब सूचना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को फोन कर अगली बैठक में शामिल होने के लिए मनाया है।

### राकांपा: अयोग्य ठहराए जाने की याचिकाओं पर दोनों गुटों के आठ एमएलसी को नोटिस जारी

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के आठ विधान परिषद सदस्यों (एमएलसी) को नोटिस जारी कर उन्हें अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं पर अपना जवाब देने को कहा है। एक सूत्र ने बताया कि विधान परिषद के आठ सदस्यों - सतीश चव्हाण, अनिकेत तटकरे, विक्रम काले, अमोल मिटकारी, रामराजे नाइक निंबालकर (अजीत पवार गुट) और एकनाथ खडसे, शशिकांत शिंदे और अरुण लाड (शरद पवार गुट) को सात दिसंबर को नोटिस जारी किए गए। ये नोटिस महाराष्ट्र विधान परिषद (दल-बदल के आधार पर अयोग्यता) नियम, 1986 के तहत जारी किए गए। इसमें उन्हें नोटिस प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर अपने बचाव में उपसभापति को संबोधित दस्तावेज जमा करने के लिए कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि अगर विधायक सात दिनों के भीतर दस्तावेजों के साथ उपसभापति को लिखित जवाब नहीं सौंपते हैं, तो यह माना जाएगा कि उनके पास कहने को कुछ भी नहीं है और फिर उसके अनुसार निर्णय लिया जाएगा।

#### कॉलेजियम पर बोले सीजेआई

# मुझे कानून से निर्धारित नियम का पालन करना होगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में कॉलेजियम प्रणाली से न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में कानून द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना होगा। सुप्रीम कोर्ट की खुली अदालत में एक वकील ने सुझाव दिया था कि सुप्रीम कोर्ट को कॉलेजियम प्रणाली और अधिवक्ताओं के 'वरिष्ठ पदनाम' की प्रक्रिया में सुधार के बारे में सोचना चाहिए। इस पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, आपको अपने दिल की इच्छा पूरी करने की आजादी है। मैं कानून और संविधान का सेवक हूं। मुझे कानून द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना होगा। सीजेआई व सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों वाली समिति, जिसे आमतौर पर कॉलेजियम कहा जाता है।


## FILMY हलचल

### 'टॉक्सिक-ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' के लिए गीतू के साथ जुड़े यश



**केजीएफ** फेम एक्टर यश जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक-ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन निर्देशक गीतू मोहनदास ने किया है। फिल्म के शीर्षक की घोषणा करने वाले एक वीडियो का शुक्रवार को अनावरण किया गया। यह फिल्म 10 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म के बारे में अपने विचार साझा करते हुए गीतू ने कहा, "मैंने हमेशा अपनी नैरेटिव स्टाइल्स के साथ एक्सपेरिमेंट किया है। हालांकि, 'लायर्स डाइस' और 'मूथॉन' को इंटरनेशनल लेवल पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली। यह प्रोजेक्ट उसी विचार से उपजा है। यह फिल्म दो विपरीत दुनियाओं और कहानी कहने के एस्थेटिक को एक साथ लाने का मिश्रण है और मुझे यश मिला, जो सबसे प्रतिभाशाली दिमागों में से एक है और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए हमारी टीम के लिए उत्साहित हूं।" निर्माता वेंकट के. नारायण ने कहा, "हमें अपने अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए यश के साथ सहयोग करते हुए खुशी हो रही है।

### एक्शन से भरपूर 'फाइटर' का टीजर जारी




**अगले** वर्ष 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'फाइटर' का टीजर जारी कर दिया गया है। फिल्म का टीजर दर्शकों को 'फाइटर' की दुनिया के बारे में बताता है। फिल्म के टीजर को अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा- कभी उड़ान के लिए, कभी जंग के लिए और हर बार देश के लिए। टीजर का लॉन्च पॉवर और सटीकता से भरा हुआ है, जिसमें ऑडियंस की एक्सपेक्टेशन को जगाने के लिए एलिमेंट शामिल है। टीजर में आकर्षक विजुअल से लेकर कलाकारों की टोली का बेहतरीन प्रदर्शन है, जिसमें स्क्वाड्रन लीडर के रूप में रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण फर्स्ट टाइम ऑन-स्क्रीन पेयरिंग और कमांडिंग ऑफिसर के रूप में अनिल कपूर की दिखेंगे है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में और वायाकॉम18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के सहयोग की प्रस्तुत 'फाइटर' एक सिनेमाई अनुभव है।

### मशहूर अभिनेता जूनियर महमूद का निधन



**कैंसर** से पीड़ित मशहूर अभिनेता जूनियर महमूद का निधन हो गया। 67 वर्षीय अभिनेता ने अपने घर पर ही कल देर रात लगभग दो बजे अंतिम सांस ली। महमूद के निधन की पुष्टि उनके फैमिली फ्रेंड सलाम काजी ने की। दरअसल, मशहूर अभिनेता जूनियर महमूद कैंसर से पीड़ित थे और काफी समय से बीमार थे। जूनियर महमूद के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार जुहू स्थित कब्रिस्तान में किया जाएगा। उनके परिवार में पत्नी, दो बच्चे, एक बहू और एक पोता है। नईम सैयद को जूनियर महमूद के नाम से जाना जाता था। उन्हें "जूनियर महमूद" नाम महमूद अली ने दिया था। जूनियर महमूद पिछले दो महीने से बीमार थे। जब उनका वजन कम होने लगा तो उनका परीक्षण किया गया। उस समय उन्हें कैंसर का पता चला था। जूनियर महमूद ने 7 अलग-अलग भाषाओं में लगभग 265 फिल्मों में अभिनय किया और 6 मराठी फिल्मों का निर्माण और निर्देशन भी किया। जूनियर महमूद ने अभिनेता सचिन पिलगांवकर और जितेंद्र के साथ कई फिल्मों में काम किया। सचिन और जूनियर महमूद बचपन के दोस्त थे। कुछ दिन पहले उन्होंने सचिन और जितेन्द्र से मिलने की इच्छा जताई थी। इसके बाद सचिन पिलगांवकर और जितेन्द्र ने उनसे मुलाकात की। जूनियर महमूद और सचिन पिलगांवकर ने अपने करियर की शुरूआत बाल कलाकार के रूप में की थी।


## संकल्प से सिद्धी — एबीवीपी के 69वें राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले गृह मंत्री

# किसी को विश्वास नहीं था कि राम मंदिर बनेगा

### पीएम ने संकल्प लिया है कि आने वाले 25 वर्षों में भारत विश्व गुरु बनेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और विकास विरोधाभासी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पहले किसी को भी विश्वास नहीं था कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर मंदिर का निर्माण किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री शाह शुक्रवार को दिल्ली के बुराड़ी मैदान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 69वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण पर सवाल खड़ा करने वालों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले किसी को विश्वास नहीं था कि अयोध्या में राम मंदिर बन सकता है। शाह ने राम मंदिर निर्माण पर प्रश्न करने वालों को भी 22 जनवरी को अयोध्या में मिठाई खाने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और विकास विरोधाभासी नहीं है। हमारी विरासत ही आधुनिक विकास की कुंजी है। हमने अपनी सांस्कृतिक विरासत को अपनाया है और दुनिया भर ने इसको उचित श्रेय दिया है।



अमित शाह ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं से कहा कि इस देश का स्वर्णिम भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। पिछले 10 सालों में देश में जबरदस्त बदलाव हुए हैं। 'घोटालों' की जगह अब हमारे पास नई-नई 'योजनाएं' हैं। 'तुष्टीकरण, परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति' के बजाय अब हमारे पास 'प्रदर्शन की राजनीति' है। उन्होंने कहा कि भारत का समय आ गया है। हर समस्या के समाधान के लिए आज विश्व भारत की ओर आशा के साथ देख रहा है। आप सभी युवाओं की जिम्मेदारी है कि ये जो परिवर्तन आया है, इस परिवर्तन को सातत्यपूर्ण बनाते हुए हमारी कल्पना के भारत की रचना आपको करनी है।

शाह ने एबीवीपी से अपने जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा, मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि मैं एबीपीपी का ऑर्गेनिक प्रॉडक्ट हूं। उन्होंने कहा कि वह आज यहां राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर गौरव महसूस कर रहे हैं। शाह ने कहा, ये अनुभव वही व्यक्ति कर सकता है, जिसकी शुरूआत राजकोट अधिवेशन में पंडाल के अंत में बैठकर हुई है और वो आज मुख्य अतिथि बनकर यहां खड़ा है।

उन्होंने एबीवीपी को शिक्षा व्यवस्था का सबसे बड़ा संगठन बताते हुए कहा कि यह न केवल शिक्षा प्रणाली की खामियों को दूर करने का प्रयास करता है, बल्कि अपने छात्रों के चरित्र निर्माण में भी मदद करता है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी ने अपनी स्थापना के बाद से देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे भाषा आंदोलन हो, शिक्षा आंदोलन हो या संस्कृति का संरक्षण एबीवीपी हमेशा सबसे आगे रही है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद के छात्र देश के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, चाहे वह शिक्षा हो, मीडिया हो या राजनीति। विद्यार्थी परिषद ने वर्षों से अपने छात्रों की हर छोटी-बड़ी समस्याओं को उठाया है। मेरे आगमन पर, 'कश्मीर हो या गुवाहाटी, अपना देश अपनी मिट्टी' की गूंज थी! (चाहे कश्मीर हो या गुवाहाटी, यह हमारा देश है, यह हमारी धरती है!) चिंता न करें, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, कश्मीर हमारा है! उत्तर-पूर्व हमारा है!

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि आने वाले 25 वर्षों में भारत विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि अमृत महोत्सव और अमृतकाल का जो संकल्प नरेन्द्र मोदी जी ने देश के सामने रखा है, वो आपके लिए है क्योंकि इसे देखने के लिए आप सभी होंगे।

